# हरिभूमि


छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

रायपुर, गुरुवार 24 अक्टूबर 2024







> दीपावली पर्व से पहले शहर के बाजारों में रौनक बढ़ गई है। पुष्य नक्षत्र पर आज भी लोग खरीदी के लिए पहुंचेंगे। इसके लिए दुकानों में नई वस्तुओं को सजाया जा चुका है। खरीदार नए डिजाइन के सजावटी वस्तुएं खरीदने पहुंचेंगे। दीपावली में सबसे महत्वपूर्ण मिट्टी का दीपक होता है, जिसे माता लक्ष्मी के पूजन में व घरों के बाहर रखा जाता है। दीपावली के लिए मिट्टी से वस्तुओं का निर्माण कुम्हार परिवार द्वारा कई माह पूर्व ही प्रारंभ कर दिया जाता है।

# मिट्टी से जुड़े लोग तो जल उठे दीपक, कोलकाता की मृदा सर्वाधिक महंगी, इस बार चुकाने होंगे 50% अधिक दाम

## बीते 5 सालों से 10 रुपए दर्जन में बिक रहे थे मिट्टी के दीपक, इस वर्ष 15 रुपए दर्जन

रायपुर। मिट्टी के दीए ही उनकी कमाई का मुख्य साधन होते हैं। दीपावली से पूर्व विशेष बातचीत में कुम्हारों ने कहा, वक्त के साथ सभी वस्तुओं की कीमत बढ़ती जा रही है, लेकिन हमारे द्वारा निर्मित वस्तुओं की कीमत बढ़ाने पर खरीदार खरीदी नहीं करते। जिससे हमारा काफी नुकसान होता है। बीते 4-5 सालों से दीपक की कीमत 10 रुपए दर्जन है। इस कीमत में अधिक लाभ नहीं होता। एक वस्तु के निर्माण में कई कार्य शामिल होता है। इसके लिए मिट्टी, रंग, लकड़ी व अन्य समाग्री की आवश्यकता होती है। इस वर्ष मिट्टी की विभिन्न वस्तुओं की कीमत में कुछ रुपए की बढ़ोत्तरी किया गया है, जिससे हमें थोड़ा मुनाफा हो सके।

### 4-5 सालों में दीपक की कीमत एक समान



तोपसिंह कुंभकार ने बताया, नवरात्रि पर्व में मूर्ति निर्माण के पश्चात दीपावली की तैयारी की जाती है। जिसके लिए दीपक व अन्य पूजन समाग्री का निर्माण किया जाता है। मिट्टी से वस्तुओं का निर्माण करने के लिए शासन द्वारा जमीन दी गई है, जिससे मिट्टी ली जाती है। बीते 4-5 सालों में दीपक की कीमत में बढ़ोत्तरी नहीं की गई है। इसे 10 रुपए दर्जन के अनुसार ही बेचा जा रहा था, लेकिन इस वर्ष 15 रुपए दर्जन तय किया है। गुल्लक की कीमत 10 से 50 रुपए तय की गई है। बीते 4-5 सालों में बाजार में दीपक की डिमांड तेजी से बढ़ रही है, लेकिन कीमत में किसी भी प्रकार की बढ़ोत्तरी नहीं हो रही। मिट्टी की वस्तुएं तैयार करने में लंबा वक्त लगता है, लेकिन खरीदार कुम्हार की मेहनत नहीं देखते।



### 1500-2000 रुपए कीमत वाली मिट्टी अब 3000 रुपए में



रोशन साहू ने बताया, नवरात्रि के बाद माता लक्ष्मी की मूर्ति का निर्माण कार्य शुरु हो जाता है। शहर के विभिन्न स्थानों से मूर्तियों का ऑर्डर लिया जाता है। इस वर्ष मैग्नेटो मॉल के लिए माता लक्ष्मी की मूर्ति तैयार की जा रही है। अन्य स्थानों के लिए हाथी व सुदर्शन चक्र का निर्माण कार्य जारी है। मूर्ति निर्माण की कीमत 10 हजार रुपए से शुरु है, जो आकार के अनुसार बढ़ता है। मूर्ति निर्माण के लिए कोलकाता, राजिम व समीपस्थ गांव से मिट्टी की खरीदी की जाती है। 2-3 साल पहले एक हाइवा मिट्टी की कीमत 1500-2000 रुपए तय थी, जो बढ़कर 3000 रुपए तक हो गई है। राजिम व कोलकाता से मिट्टी मंगाने पर दूरी अनुसार कीमत तय की जाती है। यहां से आने वाली मिट्टी की गुणवत्ता अपेक्षाकृत अच्छी होती है। इसके लिए 7000 रुपए प्रति हाइवा तक चुकाने पड़ते हैं।



### लक्ष्मी संग गणेश व सरस्वती माता की प्रतिमाएं

एक अन्य कुम्हार भूनेश्वर ने बताया, दीपावली त्यौहार के लिए लक्ष्मी माता की मूर्ति लगभग तैयार है। छोटे आकार में माता लक्ष्मी, श्री गणेश व सरस्वती माता की प्रतिमा बनाई जा रही। इनकी कीमत 100 रुपए है। दीपावली पर्व के दौरान छोटी मूर्तियों की खरीदी अधिक संख्या में की जाती है। थोक व्यापारी से लेकर ग्राहक भी सीधे आकर खरीदी करते हैं। सामान्य दीयों और डिजाइनर दीयों की कीमतों में अंतर होता है। डिजाइनर दीपक की कीमत 5 से 20 रुपए तक होती है।



### 50 हजार से अधिक दीपक का निर्माण

सूरज कुंभकार ने बताया, नवरात्रि के बाद दीपक निर्माण का कार्य शुरु कर दिया गया है। जिसके लिए परिवार के अन्य सदस्य भी कार्य करते हैं। इस वर्ष 50 हजार से अधिक दीपक निर्माण किया जा रहा है। मांग को देखते हुए दीया स्टैंड भी 10 हजार से अधिक बनाए जा रहे हैं। इसके अलावा पूजन समाग्री, सजावटी वस्तुएं व डिजाइनर दीपक भी 10 हजार से अधिक की संख्या में उनके यहां तैयार किया जा रहा है। निर्माण के पश्चात थोक व्यापारी व सामान्य खरीदारों के लिए एक ही कीमत तय की जाती है। इस वर्ष 15 रुपए दर्जन दीपक की कीमत तय की गई है। जिसका मुख्य कारण मिट्टी की कीमतों में वृद्धि है। बीते 4-5 सालों में मिट्टी से निर्मित वस्तुओं की डिमांड बाजारों में बढ़ी है। इससे प्रोत्साहन मिला है और वे अधिक निर्माण कर रहे हैं।

## लाइव इवेंट

### मोबाइल एडिक्शन ग्लोबल समस्या विदेशों में भी किताब से मोह भंग



रायपुर। मोबाइल एडिक्शन एक ग्लोबल समस्या बन चुकी है। ऐसा नहीं है कि सिर्फ भारत में ही विद्यार्थियों को फोन की लत लग गई है। विदेशों में भी स्टूडेंट्स मोबाइल एडिक्ट हो गए हैं। किताबों से उनका मोह भंग हो गया है और अधिकतर वक्त वे फोन पर ही रील देखते नजर आते हैं। हालांकि स्मार्टफोन के कई सकारात्मक परिणाम भी हैं। इससे ज्ञान आसानी के साथ लोगों तक पहुंच रहा है। यह कहना है चेक गणराज्य के केज यूनिवर्सिटी ऑफ लाइफ साइंस में प्राध्यापिका डॉ. मार्केटा हौडकोवा का। वे पं.रविशंकर शुक्ल विवि में अकादमिक आदान-प्रदान कार्यक्रम के सिलसिले में आई हुई हैं। दरअसल दोनों ही संस्थानों के मध्य एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर हुए हैं। इसके अंतर्गत दोनों संस्थान अपने शोध कार्यक्रमों के साथ ही अनुसंधान संबंधित सुविधाएं भी दूसरे संस्थान के छात्रों संग बांटेंगे। रविवि के शिक्षक और छात्र चेक गणराज्य के विवि जाकर शोध भी करेंगे। इसमें चयन के लिए छात्रों का साक्षात्कार बुधवार को रखा गया। निर्धारित योग्यता पूर्ण करने वाले पांच विद्यार्थियों को इंटरव्यू चेक गणराज्य की यूनिवर्सिटी की प्रोफेसर ने लिया। पर्यावरण विज्ञान के छात्र राहुल केसवाली तथा सेंटर फॉर बेसिक साइंस के शिक्षक डॉ.भानुश्री गुप्ता का चयन इसके लिए किया गया है। चयनित शिक्षक व छात्र को अप्रैल 2025 के पूर्व अपना शैक्षणिक भ्रमण पूर्ण करना होगा।

#### सीखेंगे फार्मिंग सिस्टम

डॉ.मार्केटा हौडकोवा का कहना है कि अन्य देशों की तुलना में भारतीय छात्रों में सीखने की क्षमता बेहतर है। चेक गणराज्य के विवि के विद्यार्थी भी यहां फार्मिंग सिस्टम समझेंगे। यहां की फूड प्रोसेसिंग, ट्रेडिशनल मेडिसन, पेड़-पौधों के बारे में उन्हें जानकारी प्रदान की जाएगी। बायो डायवर्सिटी के बारे में विद्यार्थियों को समझाया जाएगा, ताकि वे कृषि और शोध क्षेत्र में नई खोज कर सकें।

## कैंपस इवेंट

### तनाव के कारण मानसिक रूप से अस्वस्थ हो रहे लोग



रायपुर। जब व्यक्ति योग एवं ध्यान करता है, तो उसके मन को शांत एवं एकत्र किया जा सकता है। ये बातें तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय योग सम्मेलन में कही गई। श्री रावतपुरा सरकार यूनिवर्सिटी में योग विभाग एवं छग योग आयोग के संयुक्त तत्वाधान में इसका आयोजन किया गया। 'वैश्विक शांति और प्रसन्नता के लिए योग' पर 21 से 23 अक्टूबर तक सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस दौरान मुख्य अतिथि के रुप में मोरारजी देसी नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ योग मिनिस्ट्री दिल्ली के डॉ.काशीनाथ समागंडी उपस्थित रहे। उन्होंने कहा प्रत्येक व्यक्ति के लिए योग महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। जो निरंतर योग करता है वह व्यक्ति लंबे समय तक स्वस्थ्य रहता है। योग संबंधित कई आसन व्यक्ति की बीमारियों को कम एवं नष्ट करने का कार्य करते हैं। 300 से अधिक विद्यार्थी उपस्थित रहे।

#### योग सबसे सरल उपाय

मुख्य वक्ता डॉ. मंजू सिंह ठाकुर ने बताया, योग से नई जीवनशैली मिलती है। स्वस्थ और खुशहाल जीवन के लिए योग करना आवश्यक है। तनाव अधिक होने के कारण व्यक्ति मानसिक रुप से अस्वस्थ होता जा रहा है। जिसके लिए सबसे सरल उपाए योग है, जिससे तनाव को कम किया जा सकता है। अंतरराष्ट्रीय योग सम्मेलन में कुल चार तकनीकी सेशन किया गया। इस अवसर पर मुख्य वक्ताओं ने योग संबंधित व्याख्यान दिया। यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रो.एसके सिंह, प्रो.गोविन्द मिश्रा, एकेडमिक डीन डॉ.आरआरएल बिरली सहित अन्य विभाग के प्राध्यापक मौजूद रहे।

## सिटी इवेंट

### एकाग्रता सहित नकारात्मकता से बचाने विपश्यना कारगर



रायपुर। दस दिवसीय विपश्यना ध्यान शिविर के साधकों और साधिकाओं के लिए 2 अक्टूबर से शाम 4 से 5 बजे तक रोज अनुभूति सत्र जारी रहा। इसमें 24 से 75 वर्ष के 11 पुरुष और 15 महिलाएं शामिल हुए। बुधवार सुबह 10 बजे इसकी समाप्ति हुई। शिविर से जुड़े सीताराम साहू ने बताया कि अगला सत्र 7 नवंबर से शुरू होगा। पहले सत्र में शामिल होने के बाद कोलकाता की मीथु खुद लाहिरी ने अनुभव साझा करते हुए बताया कि खुद को जानने और दूसरों को समझने का तरीका जानने के लिए शिविर में शामिल हुई। बालोद की संगीता सिन्हा ने बताया कि वह भयभीत रहती थी। अपने भाई को साथ में लेकर शिविर में आई। अब खुद पर भरोसा बढ़ा और भयमुक्त महसूस कर रही हैं। आर्य मौन साधना से आत्मीय शांति एवं मजबूती मिलती है। नया रायपुर स्थित सिंगारभाठा में यह शिविर लगाया गया।

#### दूसरे जिलों से पहुंचे बुजुर्ग

निकिता धरगवे, पूजा साहू, सोनम डहरिया, देवानंद सिन्हा, धर्मेंद्र साहू, धनभरती साहू सहित अन्य युवाओं ने बताया कि मन की एकाग्रता बढ़ाने, ओवरथिंकिंग की समस्या, नकारात्मकता से निजात पाने के लिए शिविर में शामिल हुए और सफलता मिली। सुकमा से रानी खिरतकर, तमिलनाडु के 70 वर्षीय जोसफ राज और रायपुर की 75 वर्षीय जकिया सुल्ताना रिजवी शारीरिक और मानसिक फिटनेस के लिए दीर्घ शिविर में शामिल हुए। नागपुर के डॉ. प्रियेश एवं उनकी पत्नी डॉ प्रादन्या असुत्कर धर्मिष्ठ बच्चे को जन्म देने के लिए गर्भ अवस्था में शिविर में शामिल हुई।

# चार प्रांत के 500 विद्यार्थी जुटे, 12 विधाओं में स्पर्धा





रायपुर। तारि हरि नाना मोर नाना सुहाना..,जोहर जोहर मोर गौरा-गौरी.., हरेली तिहार महुआ के झार...जैसे छत्तीसगढ़ी पारंपरिक गीत पर 10वीं और 12वीं के विद्यार्थियों ने मनमोहक सामूहिक नृत्य की प्रस्तुति दी। बुधवार से सरस्वती विहार स्थित सरस्वती शिशु मंदिर में तीन दिवसीय 'क्षेत्रीय संस्कृति महोत्सव' की शुरुआत हुई। शुभारंभ प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय द्वारा किया गया। सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की।

इस मौके पर मुख्यमंत्री ने नई शिक्षा नीति के सफल क्रियान्वयन के लिए सरस्वती शिशु मंदिर रोहिणीपुरम में आवश्यक संसाधनों की व्यवस्था के लिए 50 लाख रुपए की राशि स्वीकृति की घोषणा की। सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने कहा, छत्तीसगढ़ को नई शिक्षा नीति लागू करने वाला पहला राज्य है। उन्होंने खरोरा स्थित सरस्वती शिशु मंदिर में सांस्कृतिक भवन के निर्माण के लिए 20 लाख रुपए की राशि स्वीकृति की मंजूरी दी। विधायक मोतीलाल साहू और पुरन्दर मिश्रा भी शामिल हुए।



### कथा कथन और गीता पाठ

महोत्सव में 17 विधाओं में छात्राओं द्वारा प्रस्तुति दी जानी है, जिसमें शास्त्रीय गायन, नृत्य, तबला- वादन, मूर्तिकला, गीत, एकल भजन, रंगोली, चित्रकला, निबंध, तात्कालिक भाषण, कथा कथन, प्रश्नमंच व गीता पाठ शामिल है। महोत्सव में छग प्रांत सहित महाकौशल प्रांत, मध्य भारत प्रांत और मालवा प्रांत के विद्यार्थीगण शामिल हुए हैं। इन चार प्रांत से 500 से अधिक विद्यार्थी व शिक्षक शामिल हुए हैं।






### पक्ष-विपक्ष के नेता बनकर पहुंचे, गंभीर मुद्दों पर चर्चा

रायपुर। बुधवार को रायपुर संभाग के पांचों जिलों के छात्रों का युवा संसद प्रतियोगिता का आयोजन सालेम स्कूल में आयोजित किया गया। यहां छात्र पक्ष और विपक्ष के नेता की भूमिका में नजर आए। छात्रों ने नेता के रूप में अपनी भूमिका गंभीरतापूर्वक निभाई। यहां उन्होंने कई गंभीर मुद्दों पर चर्चा की। चर्चा के दौरान समस्याओं का समाधान भी उन्होंने बताया। संसद की संपूर्ण कार्रवाई युवा संसद में विधिवत की गई। संसद को लेकर छात्रों का ज्ञान चौंकाने वाला रहा। छात्रों ने परिधान भी इसके अनुरूप ही धारण किए। प्रतियोगिता में बच्चों ने संसद की कार्यवाही कैसे होती है, इसे प्रस्तुत किया। जिसमें रायपुर जिला प्रथम और महासमुंद जिला द्वितीय स्थान पर रहा। मुख्य अतिथि महादेव कावरे ने कहा, संविधान हमें वैज्ञानिक सोच विकसित करने प्रेरित करता है। शिक्षा विभाग के कई अधिकारी इसमें मौजूद रहे। उन्होंने भी विद्यार्थियों को संविधान के प्रति जागरूक रहने प्रेरित किया।

## एग्री कार्निवाल : प्रदेशभर से पहुंचे 4 हजार किसान और एक हजार छात्र

# मखाना की खेती व फायदे को लेकर युवाओं में जिज्ञासा किसानों ने बताए ऑयल पॉम की पैदावार से जुड़े फायदे

कार्नर न्यूज





रायपुर। चार दिवसीय एग्री कार्निवाल में पहुंचने वाले युवाओं और किसानों में कृषि की नई तकनीक के बारे में जानने की उत्सुकता दूसरे दिन भी देखने को मिली। मखाना की खेती और ऑयल पॉम की पैदावार से जुड़े किसानों ने धान के अलावा नई फसल के फायदे बताए। साथ ही अलग-अलग क्षेत्र के विशेषज्ञों ने सेमिनार के माध्यम से उद्यमियों और किसानों को आर्थिक मजबूती का रास्ता भी दिखाया।कृषि विवि में आयोजित एग्री कार्निवाल का शुभारंभ मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मुख्य आतिथ्य में बुधवार को हुआ। इसके एक दिन पूर्व ही एग्री कॉर्निवाल के कुछ हिस्सों की शुरुआत कर दी गई थी।

अध्यक्षता कृषि मंत्री रामविचार नेताम ने की। सांसद बृजमोहन अग्रवाल, विधायक अनुज शर्मा, गजेन्द्र यादव के साथ ही कुलपति डॉ. गिरीश चंदेल मंचस्थ रहे। मुख्यमंत्री ने कहा कि विकसित भारत की परकिल्पना को साकार करने के लिए किसानों का विकास जरूरी है। धान के साथ मत्स्य पालन, पशु पालन एवं उद्यानिकी फसलों को अपनी कृषि भूमि के एक भाग में अनिवार्य रूप से शामिल करें। कृषि मंत्री रामविचार नेताम ने कहा, कृषि में स्वरोजगार की असीम संभावनाएं हैं। उत्पादन बढ़ाने के साथ फसल चक्र परिवर्तन, कृषि उत्पाद की पैकेजिंग एवं मार्केटिंग के लिए विशेष प्रयास की जरूरत है। फसल चक्र को अपनाकर किसान उद्यानिकी फसलों को शामिल करें, इससे कृषकों की आय में इजाफा होगा।

### कृषि भूमि में 8 इंच पानी जरूरी



मखाना की खेती करने वाले संजय नामदेव के पास कृषि विद्यार्थी ही नहीं उद्यमी और किसान भी जानकारी लेने के लिए पहुंच रहे थे। जहां वे बता रहे थे कि इसकी खेती के लिए रोपा, थरहा किस तरह तैयार करना होता है। खेत में जोताई-मताई के बाद कृषि भूमि में 8 इंच पानी का भरा होना जरूरी है। जैसे-जैसे पौधा बड़ा होता है, उसी अनुपात में पानी को भी बढ़ाना होता है। मखाना पकने के बाद पानी में ही डूब जाता है, उसे गाजा के माध्यम से बाहर निकालने के बाद अलग-अलग ग्रेड में बांटने के बाद उपयोगिता और डिमांड के लिहाज से ही बाजार में लाते हैं।

### प्रति हेक्टेयर 25 टन पैदावार

कृषक आशीष मनाडे के स्टॉल पर ऑयल पाम के साथ ही अमरूद और ड्रैगन फूड की उपलब्धता देख लोग उनसे इसकी जानकारी लेने के लिए पहुंच रहे थे। उन्होंने बताया कि ऑयल पाम के पौधे को बोने से यह प्रति हेक्टेयर 20 से 25 टन की पैदावार देता है। एक बार इसे लगाने के बाद चार साल फसल ले सकते हैं। यह बहुवर्षीय पैदावार देने वाली फसल है। आरंग, तिल्दा क्षेत्र में किसान ड्रैगन फूड का उत्पादन करके लाभ अर्जित कर रहे हैं। खेती के लिए 9 महीने लगता है। इसमें देखभाल की ज्यादा जरूरत होती है।

हरिभूमि
# रायपुर भूमि



## गम भूले तो जवां हुए कदम...

**रायपुर।** चितवन वृद्धाश्रम में बुधवार को अलग ही नजारा दिखा। यहां अपने गम को भुलाकर 60 से 90 वर्षीय बुजुर्ग भी जमकर थिरके।बुजुर्गों के गीत और नृत्य को देख के हॉल तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। दरअसल टिकरापारा स्थित इस आश्रम के 10 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में वार्षिक समारोह वृंदावन हॉल में आयोजित किया गया था। जश्न के साथ स्मारिका विमोचन भी किया गया। मुख्य अतिथि सांसद बृजमोहन अग्रवाल और विशेष अतिथि विमला देवी अग्रवाल रहीं। निःस्वार्थ भाव से चितवन वृद्धाश्रम में निरंतर सेवा दे रहे वॉलंटियर, चिकित्सक एवं कर्मचारियों को भी सम्मानित किया गया। वृद्धाश्रम के एक सदस्य शिव केडिया ने देहदान की भी घोषणा की।

## खबर संक्षेप

### चुनाव को लेकर आयकर विभाग ने जारी किया टोल फ्री नंबर

**रायपुर।** विधानसभा उप चुनाव के लिए आदर्श आचार संहिता 15 अक्टूबर को लागू हो गई है। चुनाव में प्रचार के दौरान अनावश्यक खर्च तथा अवैध धन उगाही तथा प्रलोभन के लिए मतदाताओं को पैसे तथा अन्य सामान बांटने से रोकने आयकर विभाग ने मोबाइल नंबर के साथ टोल फ्री नंबर जारी किया है। इसके लिए एक अलग से कंट्रोलरूम बनाया गया है, जो 24 घंटे एक्टिव रहेगा। शिकायत के लिए आयकर विभाग ने टोल फ्री नंबर 18002337010 तथा सहायक आयकर आयुक्त का मोबाइल नंबर 9408792128 जारी किया है।

### घरेलू विवाद पर पिता की हत्या, आजीवन कारावास

**रायपुर।** तिल्दा नेवरा थाना क्षेत्र में एक वर्ष पूर्व घरेलू विवाद के चलते पिता की हत्या करने के आरोपी को अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश नरेंद्र कुमार की कोर्ट ने



आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। लोक अभियोजक रितेश कुमार अवस्थी के मुताबिक कोर्ट ने नीरज कुमार निषाद को कैद की सजा सुनाई है। नीरज ने 5 जून 2023 को अपने पिता चोवाराम की हत्या की थी। मां के साथ मारपीट की घटना से आहत होकर नीरज ने अपने पिता पर प्राणघातक हमला किया था। अस्पताल में उपचार के दौरान चोवा की मौत हुई थी।

### जुआ खेलने के विवाद पर दो पक्षों में मारपीट

**रायपुर।** अभनपुर थाना में जुआ खेलने के विवाद पर दो पक्षों ने एक दूसरे के खिलाफ मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस के मुताबिक आकाश तिवारी ने प्रताप पटेल तथा दो अन्य के खिलाफ मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है। आकाश ने पुलिस को बताया है कि प्रताप के साथियों को उसने जुआ खेलने से मना किया, तो उन लोगों ने उसके साथ मारपीट की। प्रताप ने आकाश तथा उसके अन्य साथियों के खिलाफ मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है।

### सूने मकान चोरी

**रायपुर।** आरंग थाना में एक व्यक्ति ने अज्ञात के खिलाफ अपने सूने मकान से नकदी 15 हजार रुपए सहित एक लाख रुपए के सोने-चांदी के जेवर चोरी कर ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस के मुताबिक पारागांव निवासी सुरेश कुमार कोसले ने चोरी की शिकायत दर्ज कराई है।

कड़ी सुरक्षा में सूर्यकांत, अनवर, टूटेजा, एपी, मनोज सोनी अन्य जेलों के लिए ले जाए गए

# जेल में वीआईपी सुविधा पाने वाले पांच आरोपी अन्य जेलों में शिफ्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि फॉलोअप

आबकारी, माइनिंग तथा कस्टम मिलिंग घोटाला के आरोप में जेल में बंद आरोपियों को वीआईपी सुविधा मिलने की लगातार शिकायत के बाद पांच आरोपियों को बुधवार को राज्य की अलग-अलग जेलों में शिफ्ट किया गया। जिन आरोपियों को अन्य जेलों में शिफ्ट किया गया है, उनमें सूर्यकांत तिवारी तथा एपी त्रिपाठी को जगदलपुर, अनवर ढेबर को अंबिकापुर, अनिल टूटेजा को कांकेर तथा मार्कफेड के पूर्व एमडी मनोज सोनी को दंतेवाड़ा जेल शिफ्ट किया गया है।

जेल सुपरिटेंडेंट अमित शिंदे के मुताबिक पांचों आरोपियों की सुबह सवा 10 बजे रायपुर सेंट्रल जेल से अन्य जेलों के लिए शिफ्टिंग की प्रक्रिया की गई। जानकारी के मुताबिक आरोपियों को चार अलग-अलग गाड़ियों में ले जाया गया है। इनमें माइनिंग घोटाला ▶▶| शेष पेज 17 पर





### जेल में हाजिरी दर्ज कराने के बाद निकले

जेल प्रशासन के मुताबिक सुबह बंदियों की गणना होने तथा घोटाला के आरोप में बंद बंदी जिन्हें दूसरी जिलों के जेलों में शिफ्ट किया गया है, उन्हें चाय नाश्ता कराने के बाद शिफ्टिंग की प्रक्रिया शुरू की गई। बंदियों को दूसरे जिलों की जेल में भेजने की प्रक्रिया सुबह सात बजे से शुरू की गई।

### सभी वाहन में अलग से एक चार का गार्ड

*बंदियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए जेल शिफ्टिंग वाले वाहनों में पुलिस लाइन से एक चार का गार्ड भेजा गया है। बंदियों को ले जाने के पहले उनके सामान की जांच की गई। दूसरी जेल में शिफ्ट होने वाले बंदी अपने दैनिक उपयोग के सामान के साथ जरूरी दवाइयां अपने साथ .*

### ईडी ने लगाया था आवेदन

*माइनिंग, कस्टम तथा शराब घोटाला के आरोपियों को जेल में वीआईपी सुविधा मिलने का आरोप लगाते हुए ईडी ने विशेष न्यायालय में आवेदन पेश किया था। ईडी के आवेदन पर पीएमएलए की विशेष अदालत ने बंदियों को दूसरी जेल में शिफ्ट करने आदेश दिए थे।*

### केंद्रीय जेल से 7 नक्सलियों सहित 39 बंदी राजनांदगांव-अंबिकापुर जेल शिफ्ट

प्रदेश में बिलासपुर के अलावा राजनांदगांव और अम्बिकापुर में एनआईए कोर्ट शुरू हो गया है। इसके चलते केंद्रीय जेल में बंद यूएपीए एक्ट के आरोप में बंद 7 नक्सलियों सहित 39 बंदियों को कड़ी सुरक्षा के बीच राजनांदगांव और अम्बिकापुर जेल में शिफ्ट किया गया है। ज्ञात रहे कि पूर्व में प्रदेश में केवल बिलासपुर में ही एनआईए कोर्ट था। इस कोर्ट में यूएपीए एक्ट के तहत पकड़े गए नक्सलियों सहित अन्य आरोपियों को पेश किया जाता था। अब राज्य सरकार ▶▶| शेष पेज 17 पर

#### बंदियों को शिफ्ट किया गया

*राजनांदगांव - अम्बिकापुर में एनआईए कोर्ट खुलने से उससे संबंधित केंद्रीय जेल में बंद 6 से 7 नक्सली सहित 39 बंदियों को राजनांदगांव, अम्बिकापुर जेल शिफ्ट किया गया है। इसमें 15 को राजनांदगांव और 3 महिला व नक्सली सहित 24 बंदियों को अम्बिकापुर जेल भेजा गया है।*

*—खोमेश मंडावी, जेल अधीक्षक*

# चक्रवात 'दाना' का असर, मध्य और उत्तर में तीस किमी प्रतिघंटे की रफ्तार से चलेगी हवा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

बंगाल की खाड़ी में बने चक्रवात के ओडिशा तट पर पहुंचने के कारण छत्तीसगढ़ का मौसम भी बदलने की संभावना है। माना जा रहा है कि इसके प्रभाव से रायपुर, दुर्ग, बिलासपुर, सरगुजा संभाग के कुछ हिस्सों में हवा की गति 20 से 30 किमी तक हो सकती है। 24 से 28 अक्टूबर तक प्रदेश में बादल छाए रहने और कहीं-कहीं हल्की से मध्यम बारिश होने के आसार हैं।



- 25-26 अक्टूबर को ज्यादा असर होने की संभावना, हल्की वर्षा का असर 24 से

मौसम विज्ञान केंद्र के विशेषज्ञों के अनुसार 24 अक्टूबर की सुबह को ओडिशा से पश्चिम बंगाल के बीच तटीय इलाके में आने वाले इस तूफान में हवा की गति प्रतिघंटे 110 किमी. तक रहने की संभावना है। इसका असर राज्य के मध्य तथा उत्तरी हिस्से में होने की संभावना ज्यादा है। चक्रवात की अब तक की स्थिति के अनुसार 24 को हल्की से मध्यम वर्षा, 25-26 को तेज हवा के साथ कुछ हिस्सों में बारिश, 27 और 28 को एक दो स्थानों पर हल्की बूंदाबांदी होने के आसार है। चक्रवात के प्रभाव के दौरान बादल छाए रहने से अधिकम तापमान में गिरावट आने की संभावना है। सिस्टम का असर जैसे ही खत्म होगा उत्तरी इलाके में रात के पारा में गिरावट आने की स्थिति बनेगी। इधर छाए बादलों की वजह से शहर में रात और दिन के तापमान में दस डिग्री का अंतर है।बादलों के प्रभाव से सुबह के ▶▶| शेष पेज 17 पर

विस उपचुनाव

# दरें तय, नानवेज 150 व बिरयानी 100 रुपए थाली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. गौरव सिंह ने विधानसभा उप चुनाव के लिए चुनाव के दौरान राजनैतिक दलों एवं अभ्यर्थियों द्वारा विभिन्न मदों पर किए जाने वाले व्यय का मानक दर निर्धारण किया है। राजनैतिक दलों एवं अभ्यर्थियों को वाहन, लाइट, माइक, शमियाना, डेकोरेशन, ▶▶| शेष पेज 17 पर

- चुनाव में राजनैतिक दलों एवं अभ्यर्थियों के लिए व्यय के मानक दर का निर्धारण

### टेंट के लिए निर्धारित खर्च किया तय

पंडाल और वुडन मंच निर्माण के लिए 13 से 25 रुपए प्रति वर्ग फीट, वहीं सामान्य बुके के लिए 170 व वीआईपी बुके 350 रुपए, सामान्य पोस्टर के लिए 5 व पोस्टर फलैक्स के लिए 8 रुपए प्रति वर्गफीट, पानी जार के लिए 35 रुपए प्रतिनग, पटाखा लडी प्रति नग 180 रुपए व पटाखा बम के लिए ▶▶| शेष पेज 17 पर

### व्हीकल की दरें प्रतिदिन किराया

वाहन चालक 700 रुपए प्रति व्यक्ति, बुजडोजर जे.सी.बी. 1300 रुपए, डिजाईन वाहन थार- 2200 रुपए प्रतिदिन, जीएसटी, पेट्रोल, डीजल, ओपन वाहन 1200 रुपए के साथ जीएसटी, पार्टी डिजाइन वाहन 2200 रुपए के साथ जीएसटी, मारूति डिजायर 900 रुपए, मारूति इग्निस 960 रुपए, मेटाडोर 1440 रुपए, टाटा पिकअप 1400 रुपए, मिनी बस एसी 2640 रुपए, मिनी बस ▶▶| शेष पेज 17 पर

निगम ने जेसीबी चलाई

# देवपुरी में 5 एकड़ निजी भूमि पर अवैध प्लाटिंग



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नगर निगम जोन 10 की टीम ने बुधवार को देवपुरी में कुर्सी फैक्ट्री के पीछे माइल स्टोन च्वाइस सेंटर के पास और वर्धमान नगर जाने वाले मार्ग पर 2 अलग-अलग स्थानों पर करीब 5 एकड़ निजी भूमि पर अभियान चलाकर अवैध प्लाटिंग पर रोक लगाई। नगर निवेश टीम ने सूचना मिलने पर संबंधित स्थल पर पहुंचकर बनाई गई अवैध सीसी मुरुम रोड को थ्रीडी मशीन की सहायता से काटकर वहां जाने के मार्ग को बाधित किया।

- कुर्सी फैक्ट्री के पीछे और वर्धमान नगर जाने वाले मार्ग पर कार्रवाई

दरअसल, शहर के आउटर में स्थित बाबू जगजीवन राम वार्ड के देवपुरी क्षेत्र में कुर्सी फैक्ट्री के पीछे और वर्धमान नगर जाने वाले मार्ग के 2 अलग-अलग स्थानों पर अज्ञात व्यक्ति द्वारा 5 एकड़ निजी जमीन पर अवैध प्लाटिंग की सूचना मिली थी। इसे संज्ञान में लेते हुए अपर आयुक्त यूएस अग्रवाल के निर्देश पर जोन 10 कमिश्नर राकेश शर्मा के नेतृत्व ▶▶| शेष पेज 17 पर

एसीआई में इलेक्ट्रोफिजियोलॉजी के जरिए मरीज का सफल इलाज

# दिल का नक्शा बनाकर 70 साल के मरीज की धड़कन को किया कंट्रोल, लकवा का था खतरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

अनियमित धड़कन से चारों दिशाओं में हुए ब्लॉकेज को हटाने के लिए इलेक्ट्रोफिजियोलॉजी मैपिंग की गई। इस समस्या का समाधान करने फ्रीक्वेंसी एब्लेशन विधि से नसों की चौखट को जलाकर धड़कन को नियंत्रित किया गया। एडवांस कार्डियक इंस्टिट्यूट में इस प्रक्रिया को सफलता पूर्वक पूर्ण कर सत्तर वर्षीय मरीज को लकवा के खतरे से बचा लिया गया। कार्डियोलॉजी ▶▶| शेष पेज 17 पर




### इलाज के लिए किसी से कम नहीं

इस जटिल प्रक्रिया को पूरा करने के लिए आंबेडकर अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. संतोष सोनकर ने कहा कि एसीआई इस बात का प्रमाण है कि शासकीय अस्पताल इलाज के मामले में किसी से कम नहीं है। हृदय से जुड़ी कई जटिल बीमारियों का इलाज सफलतापूर्वक एसीआई में किया जा रहा है। उन्होंने इलाज करने वाली पूरी टीम को बधाई दी है।

### सरकारी स्तर पर एकमात्र संस्थान

आंबेडकर अस्पताल स्थित एसीआई प्रदेश स्तर पर एकमात्र संस्थान है, जहां थ्रीडी इलेक्ट्रोफिजियोलॉजी विधि से एट्रियल फिब्रिलेशन के उपचार की सुविधा उपलब्ध है। इलेक्ट्रोफिजियोलॉजी मैपिंग के जरिए हृदय की विद्युत गतिविधि का पता चलता है। मनुष्य के शरीर में भी प्राकृतिक विद्युत आवेग या तरंग उत्पन्न होती हैं जो दिल की धड़कन को एक निश्चित रिदम या लय में धड़काते हैं।

इंतजार की घड़ियाँ समाप्त.. आपकी बहुप्रतीक्षित सेल एक वर्ष बाद पुनः सुराना भवन में
दीपावली की आप सभी को हार्दिक शुभकामनायें
अब 2024 का न्यू फ्रेश स्टॉक शोरूमों और आउटलेटों में नहीं भेजा जायेगा
क्योंकि बाजार में मंदी होने के कारण कंपनियों को एक वर्ष से कोई भी रिटर्न पेमेंट मार्केट से नहीं मिला, जिसके चलते कंपनियाँ अधिक से अधिक मंदी के दौर से गुज़र रही हैं। इसीलिए कंपनियों के मैनेजर्स ने निर्णय लिया है कि कंपनियों के गारमेंट्स को सीधा रिटेल ग्राहकों को बिक्री कर दिया जाये, जिससे कारीगर, लेबर एवं मार्केट का बचा माल, कुछ हद तक बैंकों का पेमेंट चुकाया जा सके।
बड़े से बड़े ब्रांडों के गारमेंट्स इन रेटों पर बिक्री किये जायेंगे
800 से 2500 रु तक बिकने वाले मेन्स गारमेंट्स 100/- से 750/- में
700 से 1900 रु तक बिकने वाले लेडिस गारमेंट्स 100/- से 550/- में
600 से 1500 रु तक बिकने वाले किड्स गारमेंट्स 100/- से 550/- में
जेंट्स टी-शर्ट 250/-
केजुअल शर्ट 150/-
जेंट्स लोअर 200/-
केजुअल फॉर्मल शर्ट 350/-
जीन्स, ट्राउज़र्स 550/-
वेस्टर्न टॉप 250/-
लेडीज जीन्स 350/-
लैगीज़ प्लाज़ो स्कर्ट 200/- to 350/-
फैंसी कुर्ती व कॉटन कुर्ती 450/-
बेबी फ्रॉक, लॉन्ग फ्रॉक सूट 200 to 350/-
बच्चा टी-शर्ट 200/-
बच्चा शर्ट 200/-
बच्चा जीन्स 350/-
बाबा सूट 350 to 550/-
फैंसी साड़ी, पार्टी वियर, कॉटन जॉर्जेट, सिंथेटिक साड़ियां मात्र 350/-
गोल गला, कॉलर, डाउन शोल्डर, फुल स्लीव, वाशिंग टी-शर्ट, केजुअल, फॉर्मल व प्लेन शर्ट मात्र 250/- to 350/-
कुर्ती मात्र 50/-
लेडिस जीन्स मात्र 50/-
वेस्टर्न टॉप मात्र 50/-
लैगीज़ मात्र 50/-
प्लाज़ो मात्र 50/-
जेंट्स जीन्स, ट्राउज़र्स मात्र 50/-
इजार चुन्नी मात्र 50/-
sumit
स्थान : सुराना भवन छोटापारा, एचपी गैस एजेंसी के सामने, सुभाष स्टेडियम के पास, नलघर चौक, रायपुर


पुष्य नक्षत्र के
शुभ योग पर
समृद्धि
के संयोग
Diamond Gold
Silver Antique Jadau
पुष्य नक्षत्र की शुभ खरीदी हेतु आप सादर आमंत्रित है...
ज्वेलर्स
अनोपचंद भंसाली
SINCE 1945
Sadar Bazaar, Ph.: 0771-2555535
SAMRIDDHI
JEWELLERS
Add Sparkle to your life
समृद्धि ज्वेलर्स
Sadar Bazar, Ph.: 0771-2555400
ATUL PUBLICITY
संबंधित प्रतिष्ठान
मनोहरमल एंड कं.
सदर बाजार
अनूप डायमंड्स
सदर बाजार
मनोहरमल ज्वेलर्स
हलवाई लाईन
श्री भंसाली ज्वेलर्स
भाटागांव

# हम ऑफरों पर नहीं शुद्धता पर करते हैं विश्वास

**शिवराज प्रकाशचंद भंसाली ज्वेलर्स**
जहाँ 70 वर्षों से निभाई जा रही है शुद्धता की परम्परा।



पुष्य नक्षत्र की शुभ खरीदी हेतु आप सादर आमंत्रित हैं।

स्वर्ण, डायमण्ड, जड़ाऊ, कुंदन जड़ित आभूषण एवं चांदी के गहने,
गिफ्ट आर्टिकल्स का बेजोड़ संग्रह

CM/L-8721177
हॉलमार्किंग आभूषण

ATUL PUBLICITY

# शिवराज प्रकाशचंद भंसाली ज्वेलर्स

VALET PARKING AVAILABLE

**शुद्धता की विश्वसनीयता हेतु सर्टिफाइड डायमण्ड एवं हालमार्क गहनों की ही खरीदारी करें**

**कोतवाली चौक | सदर बाजार 0771-2555502 | हलवाई लेन 0771-2555503**

**खबर संक्षेप**

### ओबीसी आयोग के नवनियुक्त अध्यक्ष ने की प्रकरणों की सुनवाई



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के नवनियुक्त अध्यक्ष नेहरू राम निषाद ने बुधवार को आयोग में की गई शिकायतों के विभिन्न प्रकरणों पर सुनवाई की। इस दौरान सूरजपुर जिले के निवासी अंबिका प्रसाद सहित 5 लोगों ने भूमि संबंधी मामले की शिकायत की थी। इस प्रकरण में अध्यक्ष ने जिला भ्रमण कर सुनवाई करने के निर्देश दिए। इसी प्रकार आवेदक श्रवण कुमार साहू ने शैक्षणिक कार्य का वेतन भुगतान नहीं किए जाने की शिकायत की है।

### अब तक 16 प्रत्याशियों ने जमा किए नामांकन

**रायपुर।** रायपुर दक्षिण उप चुनाव के अंतर्गत अभी तक 16 उम्मीदवारों ने अपने नामांकन पत्र दाखिल किए हैं। बुधवार को भारतीय जनता पार्टी से सुनील कुमार सोनी, इंडियन नेशनल कांग्रेस से आकाश शर्मा, शक्ति सेना (भारत देश) से सविता बंजारे, निर्दलीय शेख जैनब बेगम, हैदर भाटी, राधेश्वरी गायकवाड़ ने अपना नामांकन जमा किया।आज 9 उम्मीदवारों ने अपने नामांकन पत्र दाखिल किए हैं।

# नगरीय निकाय और पंचायतों में ओबीसी आरक्षण की 200 पेज की रिपोर्ट तैयार, कैबिनेट में मंजूरी के बाद होगी लागू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में होने वाले नगरीय निकायों और त्रिस्तरीय पंचायती राज संस्थाओं के चुनाव में ओबीसी आरक्षण की अनुशंसा करने के लिए गठित पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग की करीब 200 पेज की रिपोर्ट जल्द ही सरकार को दी जा सकती है। इस रिपोर्ट में आयोग यह अनुशंसा करेगा कि दोनों चुनावों में ओबीसी को कितना आरक्षण दिया जाना है। बताया गया है कि यह रिपोर्ट राज्य शासन के समक्ष पेश किए जाने के बाद सरकार के कैबिनेट की बैठक में रखी जाएगी। रिपोर्ट की अनुशंसा पर विचार करने के बाद सरकार इसे मंजूरी देगी। इसके साथ ही नगरीय निकायों और त्रिस्तरीय पंचायती राज संस्थाओं के चुनाव में आरक्षण की स्थिति साफ हो जाएगी।

### पंचायतों- निकायों में अध्यक्षों का होगा आरक्षण

आयोग राज्य के सभी नगरीय निकायों में मेयर से लेकर वार्डों तक में ओबीसी के आरक्षण की अनुशंसा करेगा। इसके साथ राज्य की सभी जिला पंचायतों, जनपद पंचायतों, और ग्राम पंचायतों में भी आरक्षण की अनुशंसा करेगा। पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग राज्यभर में सभी नगरीय निकायों और पंचायत क्षेत्र के वार्डों की सीमाओं का निर्धारण करेगा। इसके साथ ही ये तय किया जाएगा कि किस वार्ड में ओबीसी समुदाय की संख्या कितनी है। इसी आधार पर तय होगा कि किस निकाय या पंचायत क्षेत्र में ओबीसी की संख्या कितनी है। इसी आधार पर यह भी तय होगा कि किस निकाय या पंचायत क्षेत्र में अध्यक्ष किस वर्ग का होगा। खास बात ये है कि आयोग को भी 50 प्रतिशत की सीमा में आरक्षण के भीतर ही तय करना है। ऐसे में एससी या एसटी बहुल क्षेत्र में भी अगर किसी वार्ड या निकाय या पंचायत क्षेत्र में ओबीसी की बहुलता है तो वह क्षेत्र ओबीसी के लिए आरक्षित होगा।

### हजारों कर्मियों ने मिलकर जुटाया है डाटा

आयोग के उच्च पदस्थ सूत्रों के अनुसार राज्य के सभी जिलों से ओबीसी का आंकड़ा मिलने के बाद आंकड़ों का विश्लेषण का काम पूरा हो चुका है। बताया गया है कि रिपोर्ट करीब 200 पेज की है। अब रिपोर्ट की प्रतियां तैयार की जा रही है। बताया गया है कि यह डाटा जुटाने के लिए प्रदेश की सभी 11 हजार से अधिक पंचायतों में तीन-तीन लोग तथा नगरीय निकाय क्षेत्रों में बड़ी संख्या में बीएलओ ने मिलकर यह पूरा काम किया है। अब आयोग का अंतिम दौर का काम पूरा होते ही नगरीय निकायों और पंचायतों के चुनाव में आरक्षण संबंधी अनुशंसा की जाएगी।

# दक्षिण विधानसभा उपचुनाव, केंद्र और राज्य सरकार के कार्यों का करें प्रचार


## क्षेत्रीय संगठन महामंत्री जम्वाल ने ली बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भारतीय जनता पार्टी संगठन प्रमुखों द्वारा रायपुर दक्षिण विधानसभा उपचुनाव के संदर्भ में एक आवश्यक बैठक जिला भाजपा कार्यालय एकात्म परिसर में हुई। बैठक में विशेष रूप से रायपुर दक्षिण विधानसभा में निवासरत प्रदेश पदाधिकारी, मोर्चों के प्रदेश पदाधिकारी, प्रकोष्ठों के संयोजक, सह संयोजक, शक्तिकेंद्रों के संयोजक, सहसंयोजक अपेक्षित थे। साथ ही इसी प्रकार जिला एवं मंडलों के भी सभी पदाधिकारी अध्यक्ष, महामंत्री उपस्थित रहे।

### केंद्र और राज्य सरकार के कार्यों का प्रचार

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंहदेव ने कहा कि लगभग 33 वर्षों तक भाजपा का अभेद्य किला है रायपुर दक्षिण और इसे सदैव अपना





मजबूत गढ़ बनाए रखना आपकी बड़ी जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा, इस बार भी सिर्फ चुनाव जीतना हमारा आपका लक्ष्य नहीं होना चाहिए, अपितु बड़ी मार्जिन की जीत का रिकॉर्ड हासिल करना प्रमुख लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओ के लिए ही नहीं, पूरी प्रदेश भाजपा के लिए यह चुनाव चुनौती की तरह है। जनता के बीच पहुंचकर आपको प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के कार्यों की चर्चा करना है।

### तैयारी पूरी, तय किए जा चुके प्रभारी- जायसवाल

रायपुर दक्षिण विधानसभा उपचुनाव प्रभारी एवं श्याम बिहारी जायसवाल ने कहा, चुनाव की घोषणा के पूर्व ही हमने बैठकें कर चुकी थी। बूथ अध्यक्ष, बूथ सचिव, बीएलए-2 महिला प्रभारी, पन्ना प्रभारियों भी तय किए जा चुके हैं। साथ ही शक्ति केंद्रों के संयोजक-सहसंयोजकों से सीधा संपर्क स्थापित कर उनसे चुनाव में धरातल पर पहुंचकर कार्य करने के दिशा निर्देश दिए गए हैं। साथ ही उन्हें उनके दायित्वों के विषय में बैठक कर जानकारी दी जा गई।

### चुनावी वातावरण तैयार करें : जम्वाल

क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जम्वाल ने कहा, उप चुनाव में जनता के बीच चुनाव की तरह माहौल चुनावी माहौल नहीं होता उसे हमे आपको हम सबको मिलकर चुनावी वातारण तैयार करना है। चूंकि यह त्योहारी समय है। हमारा सबसे बड़ा पर्व भी सामने है, ऐसे में मतदान प्रतिशत बढ़ाना हमारे आपके लिए बड़ी चुनौती है। जितना मतदान प्रतिशत बढ़ेगा, उतना ही आपके अधिक मार्जिन से जीतने की संभावना बनेगी और दक्षिण के भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता अपने ही रिकॉर्ड को कायम रखने में सफल हो पायेंगे।

### बैज बोले- एसपी-कलेक्टर की जगह गृहमंत्री बदलते तो अपराध रुक जाते

**रायपुर।** बलौदाबाजार, कवर्धा और अब सूरजपुर के कलेक्टर-एसपी को हटाए जाने पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, यह राज्य सरकार की प्रशासनिक अक्षमता है। छत्तीसगढ़ के इतिहास में पहले कभी ऐसा नहीं हुआ।



साय सरकार उनके स्थान पर गृह मंत्री को बदल देती, तो अपराध रुक जाते। सूरजपुर हत्याकांड मामले में कलेक्टर-एसपी बदले जाने के सरकार पर तंज कसते हुए दीपक बैज ने कहा, जब से भाजपा की सरकार बनी है, 10 महीने में छत्तीसगढ़ को अपराध का गढ़ बना दिया है। विधायक अजय चंद्राकर के बयान पर उन्होंने कहा, स्वाभाविक और सच्चाई है, सरकार का इंटेलिजेंस और सूचना तंत्र सब फेलियर है। भाजपा सरकार छत्तीसगढ़ में विफल साबित हो चुकी है।

**सबकी नाराजगी दूर करेंगे**

कांग्रेस प्रत्याशी घोषित होने के दूसरे दिन ही अन्य दावेदारों का दर्द सोशल मीडिया में देखने को मिला। प्रमोद दुबे और कन्हैया अग्रवाल के एक्स पर किए गए पोस्ट को लेकर पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, उनकी नाराजगी दूर करेंगे, घर और पार्टी की बात है।

# राष्ट्रपति का कल से दो दिवसीय छत्तीसगढ़ दौरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू के दो दिवसीय छत्तीसगढ़ प्रवास को लेकर तैयारियां शुरू हो गई हैं। राष्ट्रपति 25 और 26



अक्टूबर को छत्तीसगढ़ के दो दिवसीय प्रवास पर रहेंगी। इस दौरान राष्ट्रपति एम्स रायपुर, एनआईटी रायपुर, आईआईटी भिलाई और पं. दीनदयाल स्मृति स्वास्थ्य विज्ञान आयुष विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगी।

25 अक्टूबर को सुबह 11 बजे राष्ट्रपति का माना विमानतल आगमन होगा। माना विमानतल से सड़क मार्ग के जरिए सीधे एम्स हॉस्पिटल ऑडिटोरियम के लिए रवाना होंगी। माना विमानतल से व्हीआईपी रोड होकर पीटीएस चौक होते हुए तेलीबांधा एक्सप्रेस-वे पहुंचेंगी। वहां से होते हुए द्रौपदी मुर्मू एम्स हास्पिटल गेट नंबर 5 से प्रवेश कर एम्स हॉस्पिटल कार्यक्रम स्थल सुबह 11:30 बजे पहुंचेंगी। एम्स हॉस्पिटल कार्यक्रम के बाद दोपहर 1 बजे राजभवन पहुंचेंगी।

### दोपहर के कार्यक्रम

दोपहर 3 बजकर 20 मिनट पर राष्ट्रपति डीडीयू आडिटोरियम साइंस कालेज रायपुर पहुंचेंगी। शाम पांच बजकर पांच मिनट पर मुक्तांगन संध्या पहुंचेंगी। पुरखौती मुक्तांगन कार्यक्रम के बाद शाम 6 बजे पुरखौती मुक्तागंन से वापस उसी मार्ग से होकर व्हीआईपी रोड फुण्डहर चौक से एक्सप्रेस-वे चौक फुण्डहर होकर एक्सप्रेस-वे रोड से होकर शंकर नगर एक्सप्रेस वे ब्रिज के नीचे से भारतमाता चौक, भगतसिंग चौक, अंबेडकर चौक होकर शाम 6:30 बजे तक राजभवन पहुंचेंगी।

**दूसरे दिन का कार्यक्रम :** राष्ट्रपति दूसरे दिन 26 अक्टूबर को सुबह 9 बजे राजभवन से श्री जगन्नाथ मंदिर, गायत्री नगर के लिए प्रस्थान करेंगे, जो राजभवन चौक से आंबेडकर चौक जीई रोड होकर एसआरपी चौक से भारतमाता चौक, शंकर नगर एक्सप्रेस वे ब्रिज चौक, अनुपम नगर चौक से खम्हारडीह थाना होकर सुबह 9:10 बजे गायत्री नगर जगन्नाथ मंदिर पहुंचेंगी।

# सुनील और आकाश ने भरा नामांकन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर दक्षिण उपचुनाव के लिए भाजपा के सुनील सोनी और कांग्रेस के आकाश शर्मा ने अपना नामांकन दाखिल किया। नामांकन के दौरान बुधवार को कलेक्टोरेट परिसर में दोनों प्रत्याशियों का आमना सामना हो गया। कांग्रेस प्रत्याशी आकाश शर्मा ने सांसद बृजमोहन अग्रवाल और सुनील सोनी से आशीर्वाद लिया।

दोनों प्रत्याशियों ने मुहूर्त के नामांकन का एक-एक सेट दाखिल किया। नामांकन में मृत्युंजय दुबे और खेमराज बैध सुनील सोनी के प्रस्तावक बने। 25 अक्टूबर को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय समेत वरिष्ठ नेताओं के साथ सुनील सोनी नामांकन भरेंगे। वहीं आकाश शर्मा



गुरुवार को नामांकन रैली के साथ नामांकन भरने जाएंगे। नामांकन रैली में प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज सहित कांग्रेस के वरिष्ठ नेता शामिल होंगे।

### कांग्रेस को नहीं मिला स्थानीय प्रत्याशी : बृजमोहन

सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने नामांकन के बाद कहा, रायपुर दक्षिण की जनता 35 सालों से कांग्रेस को सबक सिखा रही है। इस बार भी सिखाएगी। मुझे लगता है कि कांग्रेस को स्थानीय प्रत्याशी नहीं मिला, इसलिए एक ऐसे युवा को प्रत्याशी बनाया, जिसे रायपुर शहर की एक प्रतिशत जनता भी नहीं जानती और ना ही पहचानती है। उनका दक्षिण विधानसभा के विकास में कोई योगदान भी नहीं है।

### राजस्थानी तो नहीं है, छत्तीसगढ़ का ही है : बैज

बृजमोहन द्वारा कांग्रेस प्रत्याशी आकाश शर्मा को बाहरी बताए जाने पर पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज ने पलटवार करते हुए कहा, ये राजस्थानी तो नहीं है, छत्तीसगढ़ का ही है न। छत्तीसगढ़ से कोई कहीं से भी हो सकता है, सरगुजा से हो सकता है, बस्तर से हो सकता है, पर राजस्थान से तो नहीं है कम से कम।

### बड़ों का आशीर्वाद माना जाता है शुभ : आकाश

कांग्रेस प्रत्याशी आकाश शर्मा ने कहा, बड़े काम की शुरुआत करने से पहले बड़ों का आशीर्वाद लेना शुभ माना जाता है, मैंने भी यही किया है। राजनीति में विचारधारा अलग हो सकती है, लेकिन मैंने उन्हें सम्मान दिया है, क्योंकि वे मुझसे उम्र और अनुभव में बड़े हैं।

### आम-सूचना

(ग्राम- डूमरतालाब, प.ह.नं. 53, रा.नि.मं. रायपुर-3-कोटा, तहसील एवं जिला रायपुर (छ.ग.) में स्थित है, जिसका खसरा नंबर 387/10, रकबा 0.8350 हेक्टेयर के संबंध में)

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार के द्वारा विक्रेता-अशरफ खाँ, पिता शहिद खाँ, निवासी मौदहापारा, रायपुर, तहसील एवं जिला रायपुर (छ.ग.) से उनके स्वामित्व व आधिपत्य की भूमि जो कि ग्राम डूमरतालाब, प.ह.नं. 53, रा.नि.मं. रायपुर-3- कोटा, तहसील एवं जिला रायपुर (छ.ग.) में स्थित है, जिसका खसरा नंबर 387/10, रकबा 0.8350 हेक्टेयर है, जिसको क्रय करने का सौदा कर बयाना राशि अदा कर अपने पक्ष में विक्रय अनुबंध निष्पादित करा चुके है, अब केवल सौदे की शेष राशि अदा कर विक्रय विलेख का निष्पादन एवं पंजीयन कराया जाना शेष है।

अतएव उपरोक्त अचल संपत्ति के कुल या कुछ भाग के संबंध में किसी भी व्यक्ति, बैंक, संस्था, निगम, समिति, फर्म, निकाय, कंपनी, शासकीय एवं अशासकीय निकाय, प्राधिकरण आदि को किसी भी प्रकार की आपत्ति या दावा होवे, तो कृपया इस सूचना प्रकाशन से 05 दिवस (पाँच दिवस) के अंदर लिखित में दस्तावेजी प्रमाण के साथ मेरे समक्ष प्रस्तुत किया जाये, निर्धारित समयावधि के भीतर आपत्ति प्राप्त न होने की दशा में यह धारणा की जावेगी कि किसी को कोई आपत्ति नहीं है एवं बाद-म्याद की गई आपत्ति या दावा मेरे पक्षकार के लिए मिथ्या एवं कानूनी शून्य समझा जावेगा एवं बंधनकारी नहीं होगा। सो सूचना जाने।

रायपुर (छ.ग.) दिनांकः 23/10/2024

**सिद्धार्थ जैन (अधिवक्ता)**
**नया तालाब के पास, गुढ़ियारी, रायपुर (छ.ग.), मो. नं. 097534 31111**

### आम-सूचना

सर्वसाधारण को इस आम सूचना के द्वारा सूचित किया जाता है, कि मेरे पक्षकारगण श्रीमती पोखन साहू पति देवेन्द्र साहू एवं नाबालिग खिलेन्द्र साहू उम्र 14 वर्ष, नाबालिग कु. मिनाक्षी साहू उम्र 10 वर्ष दोनो के पिता देवेन्द्र साहू नाबालिग मिनाक्षी एवं नाबालिग खिलेन्द्र की ओर से वली माँ श्रीमती पोखन साहू निवासी सुयश हास्पिटल के सामने कोटा कालोनी रायपुर छ.ग. के सास एवं दादी श्रीमती लक्ष्मीन बाई साहू के नाम की सम्पत्ति मृत्यु दिनॉक 09/05/2018 उपरांत फर्जी तरीके से एवं सही तथ्यों को छुपाने के कारण फौती नामांतरण उपरांत सम्पत्ति टोमन लाल साहू एवं जितेन्द्र साहू एवं देवेन्द्र साहू के नाम पर एक परिवर्तित सम्पत्ति मौजा ग्राम चिरहूलडीह प.ह.न.52 रा. नि.मं. रायपुर तहसील व जिला रायपुर छ.ग. में भूमि जिसका खसरा नंबर 868/1/ख18 रकबा 1300 वर्गफीट परिवर्तित मकान स्थित है।

जिसे टोमन लाल साहू एवं जितेन्द्र साहू एवं देवेन्द्र साहू सभी निवासी जय सांई विदया मंदिर के सामने गोकुल नगर रायपुर छ.ग. के द्वारा उपरोक्त भूमि ग्राम चिरहूलडीह प.ह.न. 52 रा.नि.मं. रायपुर तहसील व जिला रायपुर छ.ग. में भूमि जिसका खसरा नंबर 868/1/ख 18 रकबा 1300 वर्गफीट है जिसे मेरे पक्षकारगणों के बिना सहमति के विक्रय करने का प्रयास किया जा रहा है, जबकि उक्त सम्पत्ति में मेरे पक्षकारगणों का भी हिस्सा व हक बनता है।

अतः इस आम सूचना के द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि ग्राम चिरहूलडीह प.ह.न. 52 रा.नि.मं. रायपुर तहसील व जिला रायपुर छ.ग. में भूमि जिसका खसरा नंबर 868/1/ख 18 रकबा 1300 वर्गफीट उक्त भूमि का सौदा, क्रय, बंधक, गिरवी आदि टोमन लाल साहू एवं जितेन्द्र साहू एवं देवेन्द्र साहू से न करें। सो सूचना जाने तथा उस पर आवश्यक रूप से अमल करें।

रायपुर छ.ग. दिनांक 23/10/2024

**भवदीय**
**राजेश वर्मा, अनिल दांडेकर, विजय मिश्रा, प्रबोध पाठक अधिवक्तागण, सिविल कोर्ट रायपुर छ.ग.**
**मो.नं.- 9826961206,9300673071**

### आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि द्वारा अटल विहार योजना आरंग जिला रायपुर (छ.ग.), में **LIG TYPE1/78,** को **श्री घनश्याम चन्द्राकर पिता श्री झन्ना लाल चन्द्राकर** के नाम से स्ववित्तीय आधार पर आबंटित किया गया है। आबंटी द्वारा उक्त भवन के मद में पूर्ण राशि जमा कर पंजीयन कार्यालय रायपुर से दिनांक 25.03.2021 को लीज डीड (पट्टा - विलेख) का निष्पादन करा कर आधिपत्य आदेश प्राप्त कर लिया है। वर्तमान **श्री घनश्याम चन्द्राकर पिता श्री झन्ना लाल चन्द्राकर**, निवासीः- मोखला, पो. भिलाई तह. आरंग जिला रायपुर (छ.ग.) के द्वारा उक्त भवन को **श्री कुलेश्वर प्रसाद साहू पिता श्री टेकूराम साहू**, निवासीः- रसनी पों. रसनी तह. आरंग जिला रायपुर (छ.ग.) को विक्रय करने के लिये अनापत्ति प्रमाण पत्र (एन.ओ.सी.) प्रदाय करने हेतु इस कार्यालय में अपना आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अटल विहार योजना आरंग जिला रायपुर (छ.ग.) **LIG TYPE1/78,** के विक्रय के संबंध में किसी व्यक्ति शासकीय व अर्ध्दशासकीय संस्था, निकाय, बैंक, अथवा वित्तिय संस्था, को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

**संपदा अधिकारी**
**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल**
**संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र राजधानी**
**परियोजना नवा रायपुर अटल नगर**
**जिला-रायपुर(छ.ग.)**

### नाम परिवर्तन सूचना

मैं नभ सिंह कोशले, पुत्र बलदाऊ प्रसाद कोशले, उम्र 31 वर्ष, जाति सतनामी, निवासी मकान नं. 14, वार्ड नं. 7, घासीदास मोहल्ला, ग्राम-गजिया नवागांव, जिला-मुंगेली (छ.ग.) 495334, निम्नलिखित घोषणाएँ करता हूँ :
(1) यह मेरे नाम परिवर्तन से संबंधित पहला शपथ पत्र है। (2) मेरे शैक्षणिक दस्तावेजों, रिकॉर्ड्स और अन्य सरकारी अभिलेखों में मेरा पूर्व नाम नभ एल स्माईल, पिता बलदाऊ प्रसाद कोशले के रूप मे दर्ज है। (3) नभ सिंह कोशले और नभ एल स्माईल दो अलग-अलग व्यक्ति नहीं है, बल्कि एक ही व्यक्ति हैं, अर्थात् मैं। (4) नाम परिवर्तन का मुख्य कारण मेरे पारिवारिक उपनाम ''कोशले'' को अपनाना है। (5) यह शपथ पत्र शासकीय प्रयोजन हेतु मेरे नए नाम नभ सिंह कोशले को दर्ज करने के लिए प्रस्तुत किया जा रहा है।
(6) यह शपथ पत्र छत्तीसगढ़ राजपत्र में मेरे नाम को नभ एल स्माईल से बदलकर नभ सिंह कोशले, पिता बलदाऊ प्रसद कोशले करने के लिए प्रस्तुत किया जा रहा है।

सत्यापन

मैं, नभ सिंह कोशले, पुत्र बलदाऊ प्रसाद कोशले, यह सत्यापित करता हूँ कि उपर्युक्त विवरण मेरी जानकारी और विश्वास के अनुसार सत्य और सही हैं। मैंने कोई जानकारी नहीं छिपाई है, और मैं इसे 22.10.2024 को रायपुर, छत्तीसगढ़ में अपने हस्ताक्षर के साथ प्रस्तुत करता हूँ।

**नभ सिंह कोशले** (शपथकर्ता)
मकान नं. 14, वार्ड नं. 7,
घासीदास मोहल्ला, ग्राम-गजिया नवागांव,
जिला-मुंगेली (छ.ग.) 495334

### कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल -12, रायपुर
### आम सूचना

जारी दिनांक- 21.10.2024

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री नितिन वर्मा पिता गजेन्द्र वर्मा निवासी कृष्णा नगर रायपुर द्वारा आवेदित भूमि ग्राम टिकरापारा पटवारी हल्का नंबर 70 राजस्व निरीक्षक मण्डल रायपुर -11 रायपुर में स्थित भूमि जिसका खसरा नंबर 271/84, 271/85, 271/86 रकबा क्रमशः 0.1247 हे., 0.0557 हे., 0.1973 हे. का सीमांकन न्यायालय नायब तहसीलदार रायपुर के आदेश दिनांक 20.08.2024 के परिपालन में दिनांक 30.10.2024 को समय 12:00 बजे पश्चात् मेरे द्वारा किया जाना नियत है।

अतः उक्त सीमांकन में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वह उक्त तिथि में पटवारी हल्का नंबर 70 के लालपुर रायपुर में स्थित कार्यालय मे मय दस्तावेज सहित स्वयं अथवा वैध अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के पश्चात् मेरे द्वारा किसी भी प्रकार के दावा/आपत्ति पर विचार किया जाना संभव नहीं है।

**राजस्व निरीक्षक मंडल**
**रायपुर -12**

Health Town

राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
(22 वर्षों से क्षेत्र में अनुभवी चिकित्सक)
न्यूरो-पंचकर्मा चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
• स्लीप डिस्क, आर्थराइटिस • Back Pain, सायटिका • जोड़ो में दर्द, मांसपेशियों में दर्द
• जकड़न (Stiffness) व नशों का दबना • टेंडन एवं लिगामेंट इंजरी • सर दर्द, पॅरालिसीस • स्पांडिलाइटिस • गठिया रोग
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित

Trust the Expert
DR. MANOJ AGARWALA'S SKIN & HAIR CLINIC
डॉ. मनोज अग्रवाला
एमडी (सीएमसी वेल्लोर)
(गोल्ड मेडलिस्ट)
स्किन क्लिनिक
सेवाएं
मुहांसे ❖ सोरायसिस ❖ स्किन एलर्जी ❖ पिगमेंटेशन
विटिलिगो/ ल्यूकोडरमा ❖ पीआरपी थेरेपी ❖ एलोपेसिया
अर्टीकेरिया ❖ फंगल इनफेक्शन ❖ टेली कंसलटेशन ❖ लेजर थेरेपी
चौबे कॉलोनी, रायपुर (छ.ग.)
0771-4003777, 77778-76292

विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

रायपुर बाजार
Contact For Advertisement 6263818152, 8766276107

ॐ सांई कार्पोरेशन
RICHFORD
आधार कार्ड, पेन कार्ड एवं बिजली बिल लायें और ई-रिक्शा ले जायें
0% DOWN PAYMENT
टू व्हीलर, थ्री व्हीलर, फोर व्हीलर की एक्सचेंज सुविधा
1 टन कैपेसिटी
कुशालपुर चौक, नियर देवी हॉस्पीटल, रायपुर (छ.ग.)
ब्रांच ऑफिस : JOHN DEERE TRACTORS के बाजू, दुर्ग रोड, पाटन
Mob.: 7722928239

थोक रेट में रेडी स्टॉक
मेट्रेस हर साईज, हर मोटाई में, EP चैन कव्हर लगा, EP फोम (फोम)
गद्दा, सभी प्रकार के कव्हर, प्रोटेक्टर, सभी प्रकार के रूई गद्दा, तकिया,
बीन बैग, सोफा कमबेड, फाईबर तकिया, लोड
संजय रूई भंडार
निराकांरी फर्नीचर के पीछे कांच घर गोडाउन के पास, पंडरी रायपुर
9827976266, 7987918262

करन मोटर्स
CITYLIF
मात्र 10,000 रूपये डाऊनपेमेंट में गाड़ी लेकर जाये
ई-रिक्शा
बैटरी चलित ई-रिक्शा एवं ई-लोडर
4 घंटे में गाड़ी फायनेंस करवा कर घर ले जाएं
■ लिथियम बैटरी की पावर के साथ (सिंगल बैटरी)
■ 3 साल की वारंटी (मेंटेनेंस फ्री)
■ ना कोई पानी डालने का झनझट, ना कोई टेंशन
सबसे सस्ता, सबसे अच्छा, सबसे कम कीमत पर सिर्फ करन मोटर्स पर
एक बार चार्ज होने पर 80-130 किमी. चलती जाएं...
करन मोटर्स • स्टेशन रोड गुरुद्वारा के पास, तेलघानी नाका, रायपुर • हिलर्स होटल के पास, राम नगर, रायपुर
मो.: 9826777050, 9584500013

पैसा चाहिए? हमारे पास आइए
(केवल बिजनेस लोन) एजेंट आमंत्रित
न्यूनतम कागजी कार्यवाही
5 हजार से 5 लाख तक बिजनेस लोन
आज लोन लीजिए 100 किश्तों में पटाइये
मोटवानी फायनेंस 93404-44755
गली नं. 03, सिंधी कॉलोनी, तेलीबांधा, रायपुर

NX MODULAR KITCHEN Galaxy NX
10-15 साल की वारंटी के साथ
No. Extra Expenses
इस त्योहार बनाएं मॉड्युलर किचन आकर्षक ऑफर के साथ...
Gift Hamper up to 15000/-*
/KitchenGalaxyNXModular
₹ 60,000 ₹ 90,000 ₹ 1,50,000
C-4, Sector-1, Devendra Nagar, Near City Center Mall, Raipur 9977115597, 8319076661

CCTV | Biometrics | Fire Safety | Video Conf. | Networking & IT Solutions | Vehicle Traking
Fire Detection | Boom Barrier Gate Autom | Audio Conf | Smart Class Set up | Walky Talky | Smart Interative Panle
SMART INDUSTRIAL SYSTEMS
Safety Equipment, Automation & IT Solutions
Nr. Indian Post Office, Shankar Nagar, Raipur
www.smartindustrialsystems.com/+91 8435 000 880

Gomti THRESHERS
किसान की पसंद
6&7 फेन
बुकिंग प्रारंभ
पैडी मल्टीक्राप थ्रेशर
7 पंखों वाला थ्रेशर मात्र 2 लाख से प्रारंभ
4 चक्का एवं 2 चक्का ट्राली भी उपलब्ध
पैरा दूर फेंके
उत्तम धान निकासी
शून्य रखरखाव
एक्सचेंज एवं फाईनेंस सुविधा उपलब्ध
गोमती एग्रो इण्डस्ट्रीज, रायपुर (छ.ग.) 8819840000

Bedsheet Factory
मानसरोवर
FESTIVE SPECIAL OFFER
COMFORTER सिंगल बेड ₹ 229/-
COMFORTER डबल बेड ₹ 319/-
*GST APPLICABLE
80-81 टेक्सटाइल्स मार्केट गेट न. 2 के पास पंडरी, रायपुर
78800-02711, 78800-02704
मानसरोवर, संतकवर राम चौक, कटोरा तलब, रायपुर 78800-02708

## खबर संक्षेप



### छठ पूजा समिति ने चलाया सफाई अभियान

**रायपुर।** लोक आस्था का पर्व छठ पूजा आरंभ होने में कुछ ही दिन शेष रह गए उससे पूर्व छठ पूजा स्वच्छता समिति की टीम छठ व्यास तालाब वीरगांव में बुधवार से साफ सफाई अभियान में जुट गई है। भोजपुरी समाज के सचिव रंजय सिंह ने बताया कि छठ पूजा स्वच्छता समिति जगह-जगह जाकर तलावों की साफ सफाई करेगी, ताकि छठव्रती सुविधा अनुसार वह पूजा कर सकें और आने वाले सूर्यउपासक को किसी भी असुविधा का सामना न करना पड़े। इस अभियान में कुंदन यादव, राहुल साव, सुनील, गौतम शर्मा, सूरज साव, करण शर्मा, संजय मिश्रा, राधेश्याम यादव सहित अन्य सदस्यों शामिल थे।

### दिवाली मिलन समारोह में ब्राह्मण समाजसेवियों को किया सम्मानित



**रायपुर।** राष्ट्रीय सर्व ब्राह्मण समाज की ओर से सिविल लाइंस स्थित वृंदावन हॉल में दिवाली मिलन एवं अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि विधायक पुरंदर मिश्रा, विशिष्ट अतिथि निगम सभापति प्रमोद दुबे और समाज के अध्यक्ष ललित मिश्रा ने समाज और समाजसेवियों को शॉल, श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मान किया। साथ ही श्रेष्ठ कार्यकर्ता सम्मान से राजेश शर्मा, जेपी शर्मा ,अशोक मिश्रा, संजय जोशी, सुमित शर्मा, गिरीश दुबे को सम्मानित किया गया। इस मौके पर विधायक श्री मिश्रा ने उपस्थित अतिथियों और पदाधिकारियों के सम्मान में अपने विचार व्यक्त किया। सम्मान पाने वालों में कन्यकुब्ज समाज के अध्यक्ष अरुण शुक्ला, सचिव सुरेश मिश्रा, पदाधिकारी, गौड ब्राह्मण अध्यक्ष प्रहलाद मिश्रा, पूर्व अध्यक्ष गोपाल शर्मा व पदाधिकारी, सरयूपारीण अध्यक्ष सुरेश शुक्ला व पदाधिकारी, छत्तीसगढ़ी ब्राह्मण अध्यक्ष विनय तिवारी व पदाधिकारी, उत्कल ब्राह्मण अध्यक्ष लक्ष्मण सतपथी, महिला अध्यक्ष निवेदिता मिश्रा, वर्ल्ड ब्राह्मण अध्यक्ष अरविंद ओझा, पंजाबी ब्राह्मण अध्यक्ष राजकुमार शर्मा आदि है। कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों से पदाधिकारी काफी संख्या में शामिल हुए।

### दीपावली से पूर्व कर्मचारियों को 4 हजार श्रम सम्मान राशि देने की मांग

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ प्रदेश निगम मंडल कर्मचारी महासंघ के पदाधिकारियों ने दैनिक, आकस्मिक, संविदा में कार्यरत कर्मचारियों को दीपावली से पूर्व 4 हजार रुपए श्रम सम्मान राशि देने की मांग मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से की है। इस मौके पर महासंघ के महासचिव डीएल चौधरी ने बताया कि राज्य शासन द्वारा पूर्ववर्ती सरकार द्वारा राज्य के कर्मचारियों को श्रम सम्मान राशि 4 हजार देने की घोषणा की गई थी, जिसके आधार पर राज्य के कर्मचारियों को 4 हजार रुपए श्रम सम्मान की राशि प्रदान की जा रही है, लेकिन छग प्रदेश के निगम, मंडल, आयोग प्राधिकरण अथवा स्वायत्त संस्थाओं के कर्मचारियों को आज तक 4 हजार श्रम सम्मान राशि प्रदान नहीं की जा रही है। उन्होंने कहा कि एक ही राज्य में राज्य के कर्मचारियों को श्रम सम्मान राशि दी जा रही है एवं निगम, मंडल एवं आयोग प्राधिकरण के कर्मचारियों को नहीं दी जा रही है तो इससे निगम और मंडल एवं आयोग के कर्मचारियों के साथ सौतेला व्यवहार किया जा रहा है। मांग करने वालों में एचपी साहू, संजय सक्सेना, रवि अजमेरा, राजकुमार अवस्थी, बीएल अग्रवाल, ललित साहू, दीपक साहू आदि शामिल थे।

## निधन

### हरमीत सिंह चावला



**रायपुर।** शंकर नगर निवासी हरमीत सिंह चावला का 23 अक्टूबर को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 24 अक्टूबर को सुबह 10 बजे उनके निवास स्थान से देवेंद्र नगर मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे पवीत चावला के पिता और चरणजीत सिंह चावला के भाई थे।

### कृष्णचंद पांडेय



**रायपुर।** ढेबर सिटी, भाठागांव निवासी रक्षा मंत्रालय से सेवानिवृत्त कृष्णचंद पांडेय (65) का 23 अक्टूबर को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 24 अक्टूबर को सुबह 11 बजे उनके निवास स्थान से महादेवघाट मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे प्रकाशपुंज पांडेय, आकाश चंद्र पांडेय और शालिनी दीक्षित के पिता थे।

# हाउसिंग बोर्ड ने तीन करोड़ से ज्यादा अटकाया, रिमाइंडर के बाद निगम बंद करेगा जल आपूर्ति

## आयुक्त के निर्देश पर 6 महीने पहले भेजे गए डिमांड का नहीं मिला जवाब

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

हाउसिंग बोर्ड की परसुलीडीह कॉलोनी में जोन-09 की सड्डू स्थित टंकी से पानी आपूर्ति की जाती है। करीब 10 साल पुरानी कॉलोनी में 600 मकानों में 4 लाख लीटर से ज्यादा पानी रोज सप्लाई होता है, लेकिन निगम को नया जोन बनाने के बाद से जलप्रदाय का टैक्स नहीं मिल रहा है। इसे देखते हुए निगम ने 06 महीने पहले तीन करोड़ से ज्यादा का डिमांड भेजा, लेकिन अभी तक पैसा नहीं मिलने से अब रिमाइंडर के बाद जल आपूर्ति बंद करने की तैयारी है।

राजधानी में लोग पेयजल की समस्या को लेकर टैक्स देने के बाद भी रोज निगम को कोस रहे हैं। इनमें सड्डू, मोवा, दलदल सिवनी क्षेत्र की बस्तियों में रहने वाले परिवार भी शामिल हैं।

वहीं दूसरी तरफ विधानसभा व महालेखाकार दफ्तर तक रायपुर निगम द्वारा पेयजल आपूर्ति की जाती है। इसके बाहर परसुलीडीह कॉलोनी में जोन की सड्डू पानी टंकी से आपूर्ति किए जाने और नया जोन बनने के बाद से हाउसिंग बोर्ड से जलप्रदाय के बदले टैक्स नहीं मिलने की पोल 7 महीने पहले खुली। जोन आयुक्त ने मामले की जांच करवाने के बाद तीन करोड़ से ज्यादा का डिमांड हाउसिंग बोर्ड को भेजा। इसके बाद भी भुगतान अटका है। डिमांड का कोई जवाब नहीं मिलने से निगम ने मामले में रिमाइंडर देने के बाद जल आपूर्ति बंद करने का निर्णय लिया है।

### टैक्स फंसने की यह है वजह

परसुलीडीह कॉलोनी से विगत 4 साल से जल कर का निगम को भुगतान नहीं मिल रहा है, क्योंकि कराए गए परिसीमन के बाद जोन-2 व जोन -3 के 7 वार्डों को अलग करके करीब 5 साल पहले नए जोन-9 में शामिल किया गया। जोन को हाउसिंग बोर्ड से जल कर नहीं मिलने की पुष्टि 6 महीने पहले हुई। तब कॉलोनी से जलप्रदाय का तीन करोड़ से भी ज्यादा का टैक्स लेने आकलन के बाद डिमांड भेजा गया। इसके बाद भी हाउसिंग बोर्ड ने जल कर नहीं दिया है। इसे देखते हुए अब रिमाइंडर और उसके बाद आपूर्ति बंद करने की चेतावनी देने की तैयारी है।




### बंद की जाएगी जल आपूर्ति

जिस मामले की बात कर रहे हैं, उसमें कई महीने पहले तीन करोड़ से ज्यादा का डिमांड हाउसिंग बोर्ड को भेजा गया है। रिमाइंडर के साथ भुगतान के लिए अल्टीमेटम दिया जाएगा, इसके बाद भी भुगतान नहीं होने पर जल आपूर्ति बंद करेंगे।

*- संतोष कुमार पांडेय, आयुक्त, जोन-9, ननि रायपुर*

# धमतरी-गरियाबंद से रेत की तस्करी, रात में निकली टीम, 14 हाईवा पकड़ी गईं

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

■ खनिज विभाग की कार्रवाई

रायपुर जिले में गरियाबंद और धमतरी जिले से भी रेत की तस्करी होने लगी है। रेत माफिया के लोग रात के समय में रेत का अवैध रूप से परिवहन करा रहे हैं। इसकी सूचना मिलते ही खनिज विभाग की टीम ने मंगलवार रात अभनपुर क्षेत्र में विशेष जांच अभियान चलाया। इस दौरान टीम ने 14 गाड़ियों को पकड़ा, जिनमें रेत से भरे 13 हाईवा एवं चूनापत्थर से भरी 1 गाड़ी है। इन सभी गाड़ियों को जब्त करते हुए उनके मालिकों पर जुर्माना लगाया गया है।

खनिज विभाग के अधिकारी से मिली जानकारी के अनुसार विभाग को सूचना मिली थी कि गरियाबंद और धमतरी जिले के कुछ रेत माफिया द्वारा रात के समय में रेत का अवैध रूप से रायपुर जिले में परिवहन कराया जा रहा है। इसकी सूचना मिलते ही विभाग ने खनिज निरीक्षक रघुनाथ भारद्वाज के नेतृत्व में टीम तैयार की। यह टीम मंगलवार रात 8 से सुबह 6 बजे तक अभनपुर, मंदिर हसौद, नया रायपुर एवं उपरवारा क्षेत्र में गश्त करते हुए 14 गाड़ियों को पकड़ा। इनमें 13 रेत एवं 1 चूनापत्थर से भरी हुई थी। ये सभी गाड़ियां गरियाबंद और धमतरी जिले से खनिज सामग्री लेकर रायपुर सीमा में प्रवेश हुई थीं। टीम ने सभी गाड़ियों को जब्ती बनाकर उनके मालिकों पर जुर्माना लगाया है।



### रात में गश्त कर 14 गाड़ी पकड़ी

कलेक्टर के निर्देश के तहत जिले में अवैध रूप से खनिज सामग्री का उत्खनन-परिवहन पर रोक लगाने निरंतर कार्रवाई की जा रही है। सूचना पर अभनपुर क्षेत्र में रात में टीम द्वारा गश्त कराई गई। इस दौरान रेत और चूनापत्थर से भरी 14 गाड़ियों को पकड़कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

*- किशोर कुमार गोलघाटे, उप संचालक, खनिज विभाग रायपुर*

### साढ़े तीन लाख रुपए से अधिक जुर्माना

विभाग ने अवैध रूप से रेत और चूनापत्थर का परिवहन में शामिल गाड़ियों के मालिकों पर जुर्माना लगाया है। इसके तहत गाड़ी मालिकों से साढ़े तीन लाख रुपए से अधिक का जुर्माना वसूला जाएगा। जुर्माना राशि का भुगतान करने के बाद ही जब्त गाड़ियों को छोड़ा जाएगा। फिलहाल जब्त गाड़ियों को संबंधित थाना क्षेत्र परिसर में रखा गया है।

### गरियाबंद-धमतरी के इन क्षेत्रों से किया जा रहा अवैध परिवहन

विभागीय अधिकारियों के अनुसार गरियाबंद और धमतरी जिले से रेत का अवैध परिवहन लचकेरा, मेघा, बोरिद, हथखोज आदि ग्रामों से किया जा रहा है। पकड़ी गई गाड़ियां भी इन्हीं ग्राम क्षेत्रों से अवैध रूप से रेत परिवहन करने लाई गई थीं।

### इन गाड़ी मालिकों पर लगाया गया जुर्माना

रेत व चूनापत्थर के अवैध परिवहन मामले में जिन गाड़ियों को पकड़ा गया है, उनके मालिकों में दादूपाल एवं विजय वर्मा निवासी खैरागढ़, महेश साहू निवासी बेरला, संतोष गुप्ता निवासी चरौदा भिलाई, उज्ज्वल ठाकुर निवासी भिलाई, रजत चौबे निवासी रायपुर, संजना सिंघानिया निवासी टाटीबंध रायपुर, केसी अग्रवाल निवासी कुरुद धमतरी, रितेश चंद्राकर निवासी धमतरी, वीरेंद्र साहू निवासी धमतरी, विक्रम सिंह ठाकुर निवासी धमतरी शामिल हैं।

# राज्योत्सव में संस्कृति विभाग के 12 सम्मान के लिए मिले 300 आवेदन

## बालीवुड के पार्श्व गायक आमंत्रित

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

■ कुछ सम्मान को छोड़कर बाकी सम्मानों में एक आवेदक की प्रविष्टि

नवा रायपुर के तूता स्थित राज्योत्सव स्थल पर तीन दिवसीय राज्योत्सव 4 नवंबर से आयोजित है। इसमें स्थानीय कलाकारों के साथ ही मुंबई से बालीवुड के पार्श्व गायक और गायिका कार्यक्रम को यादगार बनाने राजधानी आएंगे। 6 नवंबर को विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले चयनित विभूतियों को गरिमामय समारोह में राज्य अलंकरण सम्मान से सम्मानित होने का अवसर मिलेगा। राज्योत्सव में राज्य अलंकरण समारोह में 41 अलग-अलग श्रेणी में अलंकरण सम्मान दिए जाएंगे। इसमें से संस्कृति विभाग के 12 अलग-अलग श्रेणी में दिए जाने वाले सम्मान शामिल हैं।

राज्योत्सव में संस्कृति विभाग की ओर से 12 अलग-अलग श्रेणी में राज्य अलंकरण सम्मान के लिए आवेदन मंगाए गए। इसमें करीब 300 आवेदन प्राप्त हुए। सूत्रों के मुताबिक कुछ सम्मान को छोड़कर इस बार सभी सम्मानों में एक ही आवेदन की प्रविष्टि प्राप्त हुई है। इस संबंध में उत्कृष्ट विभूतियों का चयन करने विभिन्न श्रेणी में जूरी का गठन किया गया है। समिति की बैठक में प्राप्त प्रविष्टियों पर विचार मंथन कर समिति के सदस्य उत्कृष्ट विभूति का नाम चयनित करेंगे।

छत्तीसगढ़ राज्योत्सव

### संस्कृति विभाग द्वारा दिये जाने वाले राज्य सम्मान पर एक नजर

| सम्मान का नाम | कार्यक्षेत्र |
|---|---|
| पंडित सुंदरलाल शर्मा सम्मान - | हिन्दी साहित्य |
| दाऊ मंदराजी सम्मान - | लोक नाट्य लोक शिल्प |
| चक्रधर सम्मान - | शास्त्रीय संगीत व नृत्य |
| छत्तीसगढ़ अप्रवासी भारतीय सम्मान - | देश के बाहर अप्रवासी भारतीय द्वारा सामाजिक कल्याण, साहित्य, मानव संसाधन, निकाय अथवा आर्थिक |
| किशोर साहू सम्मान - | हिंदी, छत्तीसगढ़ी सिनेमा में रचनात्मक लेखन, निर्देशन, अभिनय, पटकथा |
| किशोर साहू राष्ट्रीय सम्मान - | हिंदी, छत्तीसगढ़ी सिनेमा में सर्वश्रेष्ठ फिल्म निर्देशन |
| देवदास बंजारे स्मृति पुरस्कार, सम्मान - | लोक नृत्य |
| देवदास बंजारे स्मृति पंथी नृत्य पुरस्कार सम्मान - | पंथी नृत्य |
| लाला जगदलपुरी साहित्य पुरस्कार, सम्मान - | आंचलिक साहित्य, लोक कविता |
| लक्ष्मण मस्तुरिहा सम्मान - | छत्तीसगढ़ी लोकगीत |
| खुमान साव सम्मान - | छत्तीसगढ़ी लोक संगीत |
| हबीब तनवीर सम्मान - | समकालीन रंगकर्म, छत्तीसगढ़ी-हिंदी, अन्य भाषा नाटक |

# दस्तावेज लेखक-स्टांप वेंडर संघ की रायपुर ईकाई में दो फाड़, तहसील परिसर में बहुतों ने दुकानें खोल जारी रखा काम



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

अपनी मांगों को लेकर अनिश्चतकालीन हड़ताल कर रहे छत्तीसगढ़ दस्तावेज लेखक एवं स्टांप वेंडर संघ की रायपुर ईकाई में दो फाड़ होते दिखाई दे रहा है। अनिश्चितकालीन हड़ताल के दौरान रायपुर तहसील परिसर में ज्यादातर लेखक एवं स्टांप वेंडरों ने हड़ताल के समर्थन में अपनी दुकानें बंद रखीं, वहीं बहुतों की दुकानें खुली भी रहीं। इन खुली दुकानों में दस्तावेज लेखक एवं स्टांप वेंडर तहसील में आने वाले लोगों का काम भी करते रहे। इस मामले में दुकानें बंद रखने वालों में कुछ वेंडरों से हरिभूमि ने बातचीत की, तो पता चला कि जो दुकाने खुली हैं, वे हड़ताल के समर्थन में नहीं हैं।

छत्तीसगढ़ दस्तावेज लेखक एवं स्टांप वेंडर संघ जिला इकाई के आव्हान पर दस्तावेज लेखक एवं स्टांप विक्रेता संघ पिछले कुछ दिनों से अपनी मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर हैं। इस हड़ताल का असर तहसील कार्यालय से लेकर पंजीयन विभाग के दफ्तर में भी दिखने लगा है। हालांकि हड़ताल को अभी कुछेक दिन ही हुए हैं, इसलिए इसका असर फिलहाल कम है, लेकिन हड़ताल अगर लंबी चली, तो इसका असर भी ज्यादा देखने को मिल सकता है। हालांकि संघ की रायपुर ईकाई में अभी से फूट पड़ने लगी है, जिसके कारण कई दस्तावेज लेखक एवं स्टांप वेंडर रोज की तरह अपनी दुकानें खुली रखने के साथ काम भी ले रहे हैं।

# 80 एमएलडी प्लांट के पुराने हैडर का पाइप डेमेज, नया हैडर बनाकर किया कनेक्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

■ 10 टंकियां रहीं प्रभावित, सुबह 7 से दोपहर 1 बजे तक चला मरम्मत का काम

इंटवेल स्थित 80 एमएलडी प्लांट के पुराने हैडर की पाइप लाइन क्षतिग्रस्त होने से पानी लीकेज की समस्या आ रही थी, जिसे देखते हुए नए हैडर लगाकर इंटर कनेक्शन कार्य बुधवार को किया गया। मरम्मत कार्य के कारण बुधवार शाम शहर की 10 पानी टंकियों में शाम के समय जल आपूर्ति प्रभावित रही। जल विभाग ने फिल्टर प्लांट की सफाई का काम भी इस दौरान पूरा किया। गुरुवार सुबह संबंधित पानी टंकियों में नियमित जल आपूर्ति होने लगेगी।

नगर निगम के जल विभाग द्वारा बुधवार को सुबह शहर की 43 नई पुरानी पानी टंकियों में नियमित जल प्रदाय के बाद 80 एमएलडी प्लांट के पुराने व क्षतिग्रस्त इंटेकवेल हैडर को बदलने का कार्य कराया। 23 साल पुराने हैडर का पाइप लाइन डेमेज होने से पानी लीकेज की समस्या रही। त्योहारी सीजन में यह समस्या विकराल रूप ले सकती थी, जिसे ध्यान में रखते हुए जल विभाग ने समय रहते नया हैडर बनाकर इंटर कनेक्शन का कार्य पूरा किया। इससे बुधवार शाम 80 एमएलडी प्लांट से भरने वाली 10 पानी टंकियां प्रभावित रहीं। इनमें ओवरहेड टैंक डगनिया, गंज, गुढ़ियारी, राजेन्द्र नगर, तेलीबांधा, शंकर नगर, खमतराई, भनपुरी की पुरानी पानी टंकी और श्याम नगर पानी टंकी शामिल है, जबकि 36 पानी टंकियों में जल आपूर्ति यथावत रही।



### सुबह 7 से दोपहर 1 बजे तक चला कार्य

80 एमएलडी प्लांट का पुराने हैडर डेमेज होने के बाद पानी लीकेज की समस्या को दूर करने विभागीय अधिकारियों के मार्गदर्शन में नए हैडर का इंटर कनेक्शन का कार्य कराया गया। इसमें वेल्डर, इलेक्ट्रिशियन सहित तकनीकी जानकार की टीम शामिल रही। बुधवार को सुबह 7 बजे से शुरू हुआ मरम्मत का काम दोपहर 1 बजे पूरा हुआ। जल विभाग के कार्यपालन अभियंता नरसिंग फरेंद्र ने बताया, पुराने हैडर की 23 साल पुरानी क्षतिग्रस्त पाइप लाइन को बदलना बहुत जरूरी था, यह काम काफी कठिन रहा फिर भी हमारी टीम ने दोपहर 1 बजे तक अपने काम को पूरा कर लिया। गुरुवार सुबह से नियमित जल आपूर्ति प्रारंभ हो जाएगी।

# शिक्षकों का धरना आज सामूहिक अवकाश लेकर जिला मुख्यालयों में करेंगे प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

■ वेतन विसंगति दूर करने, प्रथम नियुक्ति तिथि से सेवा गणना की मांग

छत्तीसगढ़ शिक्षक संघर्ष मोर्चा के प्रांतीय आव्हान पर एलबी संवर्ग शिक्षक अपनी 5 सूत्रीय मांग को लेकर 24 अक्टूबर को सामूहिक अवकाश लेकर जिला मुख्यालयों में धरना देंगे। वेतन विसंगति दूर करने, प्रथम नियुक्ति तिथि से सेवा गणना सहित अन्य मांगों को लेकर सहायक शिक्षक आंदोलन में शामिल होंगे। इस दिन रायपुर जिले के शिक्षक सामूहिक अवकाश लेकर अपने-अपने ब्लाक मुख्यालय के धरना प्रदर्शन व रैली में शामिल होकर एसडीएम और तहसीलदार को मांग पत्र सौंपेंगे। एलबी संवर्ग के शिक्षकों ने अपने लंबित मांगों को लेकर शासन के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। इसी कड़ी में 24 अक्टूबर को शिक्षक एक दिवसीय धरना प्रदर्शन में शामिल होंगे। रायपुर जिले में रायपुर दक्षिण विधानसभा उपचुनाव व नवा रायपुर के तूता धरना स्थल में रेनोवेशन कार्य के कारण व राष्ट्रपति के आगमन के चलते तूता में धरना प्रदर्शन की अनुमति नहीं दी गई। ऐसे में अब रायपुर जिले के शिक्षक विकासखंड मुख्यालय अभनपुर, आरंग, तिल्दा व धरसींवा में धरना प्रदर्शन व रैली निकालकर तहसीलदार को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपेंगे।



शिक्षक मोचा रायपुर के जिला संचालक ओमप्रकाश सोनकला और हेम साहू ने बताया कि सहायक शिक्षकों की वेतन विसंगति दूर करना और प्रथम नियुक्ति तिथि से गणना आवश्यक है, इससे शिक्षकों के वेतन विसंगति, क्रमोन्नति, पदोन्नति, 20 वर्ष की सेवा में पूर्ण पेंशन की मांग पूरी होगी।

## पेज 13 के शेष ...

### जेल में वीआईपी ....

के आरोपी सूर्यकांत तथा शराब घोटाला के आरोपी एपी त्रिपाठी को एक वैन में ले जाया गया। इसकी वजह इन दोनों आरोपियों को जगदलपुर सेंट्रल जेल शिफ्ट किया जाना है। **भारी सुरक्षा व्यवस्था के बीच ले जाए गए** : अनवर ढेबर को छोड़ अन्य आरोपियों को दूसरी जेलों के लिए शिफ्ट करने ले जाने वाले तीन वाहनों में एक पुलिस का फॉलोअप वाहन भी साथ गया है। रायपुर सेंट्रल जेल से सबसे पहले अनवर ढेबर को रवाना किया गया। इसके बाद अनिल टूटेजा तथा मनोज सोनी को दूसरी जेल के लिए शिफ्ट करने निकाला गया। सबसे आखिरी में एपी त्रिपाठी तथा सूर्यकांत जगदलपुर जेल के लिए रवाना किए गए।

**बाहर से भोजन तथा अन्य सामान पहुंचने के आरोप** : जिन बंदियों को दूसरे जिलों की जेलों में शिफ्ट किया गया है, उन बंदियों को जेल में अपने घर के अलावा बाहर से स्पेशल खाना पहुंचने का आरोप है। इसके साथ ही दूसरे जिलों की जेल में शिफ्ट होने वाले बंदियों को और कई तरह की सुख सुविधा मिलने के आरोप हैं।

### केंद्रीय जेल से ....

ने राजनांदगांव और अम्बिकापुर में एनआईए कोर्ट का शुभारंभ किया है। शासन के निर्देश पर केंद्रीय जेल में बंद यूएपीए एक्ट के आरोपियों को राजनांदगांव और अम्बिकापुर जेल में स्थानांतरित किया जा रहा है। अब तक राजनांदगांव जेल में 15 बंदियों और अम्बिकापुर जेल में 24 बंदियों, जिनमें 7 नक्सली और 3 महिलाएं शामिल हैं, को शिफ्ट किया जा चुका है। इनके प्रकरण अब राजनांदगांव और अम्बिकापुर एनआईए कोर्ट में चलेगा। **कड़ी सुरक्षा में शिफ्टिंग**: यूएपीए एक्ट के तहत प्रदेश में नक्सल गतिविधियों, नकली नोट चलाने और देशद्रोह के मामलों में गिरफ्तार खतरनाक बंदी केंद्रीय जेल में बंद थे। इन बंदियों को अलग सेल में रखा गया था और सामान्य बंदियों को इनसे मिलने-जुलने की अनुमति नहीं थी। शासन के निर्देशानुसार, गोपनीयता बरतते हुए सशस्त्र बलों के साथ सड़क मार्ग से इनको राजनांदगांव और अम्बिकापुर जेल में शिफ्ट किया गया है।

### चक्रवात 'दाना' का ....

वक्त हल्की ठंड महसूस हो रही है नहीं दिन में भी तेज धूप से राहत महसूस की जा रही है। मौसम विशेषज्ञों का मानना है कि इस चक्रवात के समाप्त होने के बाद राज्य में उत्तर-पूर्व दिशा के शुष्क हवा का असर होने की संभावना बन रही है जिससे तापमान में गिरावट आने और उत्तरी हिस्से में ठंड की दस्तक होने का अनुमान है।

### दरें तय ....

भोजन, वीडियोग्राफी व प्रचार सामग्री एवं अन्य विभिन्न मदों पर किए जाने वाले व्यय का मानक दर राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति तथा सहमति के बाद निर्धारित किया गया है। तय दरों में नानबेज थाली 150 रुपए व बिरयानी प्रति थाली 100 रुपए व फल प्रतिकिलो 200 रुपए, मट्ठा पैकेट 10 रुपए, लड्डू प्रतिनग 5 रुपए निर्धारित किया गया है। वहीं छोटी माला प्रतिनग के लिए 15 रुपए, बड़ी माला के लिए 50, वीआईपी माला के लिए 300 रुपए, मोटी माला के लिए 900 रुपए, छोटे गुलदस्ते के लिए 60 रुपए व बडे के लिए 110 रुपए प्रति नग, खुले फूल प्रतिकिलो 80 रुपए, प्रोजेक्टर प्रतिदिन के लिए 3500 रुपए निर्धारित किया गया है।

### टेंट के लिए ....

प्रति बाक्स 6 नग के लिए 144 रुपए, स्वागत थाली प्रति नग 150 रुपए, तलवार प्रति नग 500 रुपए, कटार 250 रुपए, त्रिशूल 500 रुपए प्रति नग,शाल व साडी प्रति नग 500 रुपए, टोपी सामान्य 100 व टोपी अच्छा के लिए 200 रुपए प्रतिनग, टीशर्ट प्रतिनग 250 रुपए प्रतिनग, ड्रोन कैमरा प्रतिनग 2000 रुपए, तोप गन प्रतिनग 500 रूपए व पगडी 200 रुपए प्रतिनग, मंच पर लगने वाले एसी के लिए प्रतिदिन 3240 छोटे साउंड बाक्स के लिए 2900 व बडे साउंड बाक्स के लिए 4000 रुपए प्रतिदिन निर्धारित किया गया है।

### व्हीकल की दरें ....

(नॉन एसी) 2160 रुपए, एसी. बस 40 सीटर- 5400 रुपए, ए.सी. बस 40 सीटर- 3240 रुपए, मारूति वैन 840 रुपए, ट्रेवलर बस 14 सीटर 1680 रुपए, सेडार टाइप कार 960 रुपए, फॉरचुनर-फोर्ड एन्डोवर-पजेरो 3600 रुपए, एक्टिवा 250 रुपए, पल्सर 300 रुपए, बुलेट 500 रुपए के हिसाब से दर तय की गई।

### देवपुरी में 5 एकड़ निजी .....

में निगम की टीम ने स्थल पहुंचकर वहां बनाए गए अवैध सीसी मुरुम रोड को थ्रीडी मशीन से काटकर मार्ग बाधित कर रोक लगाई। जोन 10 कमिश्नर ने नायब तहसीलदार रायपुर को पत्र लिखकर 2 विभिन्न स्थानों के भूमि स्वामियों की जानकारी जल्द जोन 10 के नगर निवेश विभाग को भिजवाने आग्रह किया है। तहसील कार्यालय से जानकारी आते ही जोन 10 के नगर निवेश विभाग द्वारा निर्देश के अनुसार संबंधित अवैध प्लाटिंगकर्ताओं के खिलाफ पुलिस थाना में कानूनी कार्रवाई के लिए नामजद एफआईआर दर्ज करवाने कार्यवाही की जाएगी।

### दिल का नक्शा ....

विभागाध्यक्ष डॉ. स्मित श्रीवास्तव के अनुसार मरीज को एट्रियल फिब्रिलेशन की दिक्कतें हो रही थीं। वह 70 साल से अधिक आयु वाले हर चौथे शख्स को हो सकती है। इसकी वजह से हृदय अच्छे से काम नहीं कर पाता और संकुचन की समस्या आ जाती है। संबंधित मरीज के हृदय के ऊपर वाले चैंबर में चारों दिशाओं से आने वाली नसों में एट्रियल फिब्रिलेशन की समस्या थी। इसके इलाज के लिए पहले दिल के इलेक्ट्रोफिजियोलॉजी का बिंदु-बिंदु करके त्रि-आयामी नक्शा बनाया गया। उसके बाद रेडियो फ्रीक्वेंसी एब्लेशन के माध्यम से उच्च ऊर्जा युक्त रेडियो तरंगों के जरिए ब्लॉकेज को जलाया गया, जिससे एट्रियल फिब्रिलेशन नार्मल हो गया। इस पूरी प्रक्रिया को कार्डियोलॉजी विभाग के साथ एनेस्थिसियोलॉजी विभाग ने मिलकर पूरा किया। इसमें डॉ. स्मित श्रीवास्तव के साथ डॉ. कुणाल ओस्तवाल, डॉ. शिव कुमार शर्मा एवं एनेस्थिसियोलॉजी विभाग से डॉ. जया लालवानी ने अपनी मुख्य भूमिका निभाई।



## खबर संक्षेप



### शिवसेना ने जलाया आतंकवादियों का पुतला

**रायपुर।** शिवसेना रायपुर जिला इकाई द्वारा जम्मू कश्मीर में हुए आतंकवादी हमले से दुर्ग के सैनिक को गोली लगने से शहीद हो गए, जिसके विरोध में बुधवार को शिवसेना जिला इकाई ने नारा बाजी कर आतंकवादियों का पुतला दहन किया गया। जिसमें मुख्य रूप से संतोष शुक्ला, आशीष परिडा, संजय सोनकर, नरेंद्र प्रजापति, किशन साहू, देवराज साहू, जॉनी मॉगराज, सोनू साहू, लीलाधर यदुकुशल साहू, कुणाल कश्यप, प्रशांत साहू,लक्की सिन्हा, सोमनाथ साहित अधिक संख्या मे शिवसैनिक उपस्थित हुए।

### सुरेंद्र बने प्रदेश सचिव

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस असंगठित क्षेत्र समस्या निवारण प्रकोष्ठ के अध्यक्ष मोहम्मद सिद्दीकी ने सुरेंद्र श्रीवास्तव को छग प्रदेश कांग्रेस असंगठित क्षेत्र समस्या निवारण प्रकोष्ठ के प्रदेश सचिव नियुक्त किया है। यह नियुक्ति छग प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज, प्रभारी महामंत्री मलकीत सिंह गैदू के नेतृत्व में किया गया। उनकी नियुक्ति पर प्रकोष्ठ के पदाधिकारियों ने हर्ष व्यक्त किया है।

### वैज्ञानिक सोच विकसित करने प्रेरित करता है संविधानः कावरे

**रायपुर।** रायपुर संभाग के पांचों जिलों के छात्रों का युवा संसद प्रतियोगिता का आयोजन सालेम स्कूल में किया गया। इस कार्यक्रम में शामिल हुए संभाग कमिश्नर महादेव कावरे ने कहा कि संविधान हमें वैज्ञानिक सोच विकसित करने प्रेरित करता है। प्रतियोगिता में बच्चों ने संसद की कैसी कार्यवाही होती है उसे प्रस्तुत किया, जिसमें रायपुर जिला प्रथम एवं महासमुंद द्वितीय स्थान पर रहा। कार्यक्रम में संयुक्त संचालक शिक्षा रायपुर श्री पांडे, संयुक्त विकास आयुक्त सरिता तिवारी, जिला शिक्षा अधिकारी सावंत भी उपस्थित रहे ।



# अब रजिस्ट्री होगी सुगम एप से, संपत्ति की धोखाधड़ी रोकने बड़ा कदम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में अब जमीन-जायदाद की रजिस्ट्री सुगम एप के माध्यम से होगी। सरकार का कहना है कि इस व्यवस्था से रजिस्ट्री में होने वाला किसी भी प्रकार का फर्जीवाड़ा नहीं हो सकेगा। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की पहल पर छत्तीसगढ़ शासन द्वारा जनता को ज्यादा से ज्यादा सहूलियतें देने तथा उन्हें लाभान्वित करने के लिए कई सुधार कार्य किये जा रहे हैं। इसी कड़ी में वित्त एवं पंजीयन मंत्री ओपी चौधरी के निर्देश पर रजिस्ट्री प्रक्रिया को पारदर्शी और जनता के लिए अधिक सुविधाजनक बनाने के उद्देश्य से सुगम एप का शुभारंभ किया गया है। इस ऐप को 21 अक्टूबर से लागू किया गया, जिसके बाद से राज्य में 1200 से अधिक रजिस्ट्री की जा चुकी हैं।

खास खबर

***अपनाई जाएगी ये प्रक्रिया :*** *सुगम ऐप में पक्षकार को रजिस्ट्री के प्रकिया के दौरान अपना मोबाईल लेकर उस जगह में जाना होगा, जिस स्थान की रजिस्ट्री किया जा रहा है। उस स्थान में जाकर सुगम ऐप खोलकर ऐप में निर्देशित तीन कोणों अर्थात सम्पति के सामने, दाएं और बाएं से उस स्थान का फोटो लेना होगा। वह फोटो स्वतः ही रजिस्ट्रार के माड्यूल में ट्रांसफर हो जाएगा। उस स्थान की भौगोलिक स्थिति अर्थात अक्षांश व देशांतर की स्थिति रजिस्ट्री पेपर में फोटो के साथ दर्ज हो जाएगी। इस प्रकार संपति की वास्तविक भौगोलिक स्थिति का निर्देशांक रजिस्ट्री पेपर में स्थायी रूप से अंकित रहेगा, जिससे पक्षकार कभी भी उस स्थान पर जाकर संपति की पहचान कर सकता है।*




■ एप से हो चुकी हैं राज्य में 1200 से अधिक रजिस्ट्री

***अब रुकेगी धोखाधड़ी- चौधरी :*** *वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने बताया कि सरकार नागरिक सशक्तीकरण के लिए आगे भी रजिस्ट्री कार्य में अधिकाधिक टेक्नॉलाजिकल अनुप्रयोग तथा प्रक्रियागत सुधार की दिशा में प्रतिबद्ध है। सुगम ऐप संपत्ति संबंधी धोखाधड़ी रोकने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। प्रायः ऐसी शिकायतें आती है कि रजिस्ट्री के पश्चात एक सामान्य आदमी कई प्रकार से फर्जीवाड़ा का शिकार हो जाता है। रजिस्ट्री दस्तावेज में दिया गया सम्पत्ति विवरण तथा मौके की स्थिति में अंतर होता है। एक सम्पत्ति कई लोगों को बेच दी जाती है। जिस जमीन का रजिस्ट्री किया जाता है, वह जमीन वास्तव में अस्तित्व में नहीं होती। ऐसी घटनाएं भी प्रकाश में आती रहती है कि रोड, रास्ता, उद्यान आदि की जमीन बेच दिया गया है। मौके में जितनी जमीन उपलब्ध है, उससे अधिक रकबा बेच दिये जाने की घटनाएं भी होती रहती है। ऐसी घटनाओं से आपसी लड़ाई-झगड़े तथा कोर्ट-कचहरी के मुकदमेबाजी में वृद्धि होती है।*

### सरकार का राजस्व भी बढ़ेगा

सुगम एप के माध्यम से सरकार को राजस्व नुकसान पहुँचाने की घटनाओं को भी नियंत्रित किया जाएगा। सुगम ऐप के द्वारा इस प्रकार की घटनाओं पर विराम लगेगा। सुगम ऐप से संपति की वास्तविक संरचना के संबंध में ज्ञात हो सकेगा, जिससे भवन, रोड, फैक्ट्री आदि संरचनाओं को छुपाया नहीं जा सकेगा तथा इसके कारण सरकार को होने वाले राजस्व अपवंचन को रोका जा सकेगा। इससे ऐसी घटनाओं के पता चलने के बाद पक्षकार रजिस्ट्री के बाद होने वाले परेशानियों से मुक्त हो सकेंगे।

### निगम बनने के 10 साल बाद भी नहीं बना पाए 5 जगह जोन कार्यालय

# सुविधा व संसाधन को तरस रहा है बिरगांव निगम समस्या बताने लोगों को करनी पड़ रही दौड़-भाग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

करीब 4 से 5 किलोमीटर के दायरे में फैले बिरगांव निगम के 40 वार्डों में रहने वाले लोगों को जन्म प्रमाण पत्र, राशन कार्ड, नया नल कनेक्शन लेने ही नहीं, बल्कि मकान बनाने के लिए निगम मुख्यालय तक कई बार दौड़-भाग करनी पड़ रहा है। इस समस्या से लोगों को निजात दिलाने के लिए निगम के जिम्मेदारों ने अभी तक 5 जगह जोन कार्यालय बनवाने के लिए पहल नहीं की है। इसका खामियाजा लोगों को विगत 10 साल से भुगतना पड़ रहा है।

राजधानी को जहां सुविधाओं से लैस करने पर फोकस किया जा रहा है। वहीं इससे सटे बिरगांव निगम को सुविधा और संसाधन के लिए नगर निगम बनने के बाद भी तरसना पड़ रहा है। इतना ही नहीं औद्योगिक संस्थानों में रोजी-मजदूरी करने वालों को छोटे-छोटे काम के लिए 04 से 05 किलोमीटर चक्कर लगाना पड़ रहा है। सरोरा, उरला, अछोली ही नहीं उरकुरा और रावांभाठा में रहने वाले लोगों को भी हर काम के लिए रोज निगम मुख्यालय आना-जाना पड़ता है। लोगों को इस परेशानी से बचाने की बजाय निगम के जिम्मेदारों द्वारा वार्ड कार्यालय में सिर्फ टैक्स वसूली के लिए राजस्व अमले की ड्यूटी लगाई जाती है। स्ट्रीट लाइट, बिजली, पानी और सफाई की समस्या को लेकर शिकायत करने के लिए बिरगांव निगम मुख्यालय तक दौड़-भाग करनी पड़ रही है।

***हर समस्या का समाधान मुख्यालय :*** *निगम सूत्रों ने बताया कि जन्म, मृत्यु प्रमाण पत्र, डायवर्सन, राशन कार्ड, पेंशन ही नहीं बल्कि सफाई और स्ट्रीट लाइट सुधार के लिए भी लोगों को निगम मुख्यालय आना-जाना पड़ता है। इसके अलावा सड़क, नए नल कनेक्शन के साथ मवेशियों की शिकायत भी लोगों को मुख्यालय में ही करनी पड़ रही है। बिरगांव निगम क्षेत्र के 40 वार्डों में रहने वाली करीब डेढ़ लाख आबादी की हर समस्या का समाधान मुख्यालय है। लोगों को जोन कार्यालय के माध्यम से क्षेत्र में समस्या का समाधान देने का कोई इंतजाम जिम्मेदार अभी तक नहीं कर पाए हैं।*




#### सर्वे के बाद बनाएंगे प्रस्ताव

यह बात सही है कि लोगों को हर काम के लिए निगम मुख्यालय आना पड़ता है। इससे लोगों को बचाने के लिए जल्द ही सर्वे करवाने के बाद जोन कार्यालय बनाने के लिए प्रस्ताव बनाकर शासन को भेजा जाएगा, ताकि लोगों को संबंधित क्षेत्र में ही जरूरी सुविधा मिल सके।

- **बृजेश सिंह क्षत्रिय,** आयुक्त, नगर निगम, बिरगांव

#### अनदेखी से मजदूरी का नुकसान

रावांभाठा, उरकुरा, सरोरा, उरला, अछोली और सरोरा के लोगों को जोन कार्यालय के अभाव में मुख्यालय का रोज चक्कर लगाना पड़ रहा है। आज तक महापौर द्वारा इस विषय को संज्ञान में नहीं लिया गया। इस अनदेखी के चलते लोगों को रोजी-मजदूरी का नुकसान होता है।

- **ओमप्रकाश साहू,** नेता प्रतिपक्ष, नगर निगम, बिरगांव

## निगम मंडल संविदा कर्मचारियों को भी दिवाली पूर्व करें वेतन का भुगतान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

■ छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी संयुक्त मोर्चा ने की मांग

छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी संयुक्त मोर्चा ने प्रदेश के शासकीय कर्मचारियों की भांति प्रदेश के नगरीय निकायों, निगम मंडल, आयोग, आत्मानंद विद्यालयों में कार्यरत संविदा, दैनिक वेतन भोगी, कलेक्टर रेट पर कार्यरत कर्मियों को भी दीपावली के पूर्व अनिवार्य रूप से वेतन अथवा मानदेय भुगतान किए जाने की मांग की है।

मोर्चा के प्रवक्ता संजय तिवारी ने बताया है कि पिछले दिनों वित्त मंत्री ओपी चौधरी तथा मुख्य सचिव अमिताभ जैन से मिल कर सभी संवर्ग के कर्मचारियों चाहे वे दैनिक वेतन भोगी हों या संविदा कर्मी, को 29 को धनतेरस फिर 30 को नरक चतुर्दशी एवं 31 को दीपावली को देखते हुए 28 के पूर्व वेतन भुगतान की मांग की थी। राज्य शासन ने 22 अक्टूबर को इस आशय का आदेश भी जारी किया, किंतु निगम, मंडल, आयोग, नगरीय निकायों के वेतन का मामला उन निकायों के वित्तीय स्थिति पर छोड़ दिया गया। शत प्रतिशत निगम मंडल आयोग, नगरीय निकाय राज्य शासन के अनुदान पर चलते हैं। इसी तरह आत्मानंद विद्यालय जिले के कलेक्टर द्वारा खनिज निगम की वित्तीय अनुदान पर निर्भर करते हैं। राजनांदगांव सहित कुछ नगरीय निकायों में दो-तीन महीनों से वेतन नहीं मिला है, अतः राज्य सरकार को इन कर्मियों को दिवाली पूर्व वेतन या मानदेय भुगतान सुनिश्चित करना चाहिए।

राज्य सरकार के मौजूदा आदेश में यह जिम्मेदारी उन निकायों निगम मंडल पर छोड़ दी गई है जो उचित नहीं है। श्री तिवारी ने इसी तरह सवा लाख पेंशनरों को भी दीपावली के पूर्व पेंशन राहत भुगतान की मांग की है।

■ विसर्जन कुंड की अब तक सफाई नहीं, बदबू और गंदगी से परेशानी

■ जोन 8 ने ढांचा नीलामी के लिए किया टेंडर

# विसर्जन कुंड की अनदेखी, ढांचों के ढेर से लकड़ियां हो रहीं चोरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के 11 दिन बीतने के बाद भी नगर निगम प्रशासन महादेवघाट स्थित विसर्जन कुंड की सफाई नहीं करा सका है। कुंड के आसपास बांस-बल्ली लकड़ियों के ढांचों का ढेर पटा पड़ा है। खुले में पड़ी लकड़ियां चोरी होने लगी हैं, कुंड का पानी बदबूदार होने के साथ ही काला पड़ गया है।

गंदगी और अव्यवस्था के कारण लोग परेशान हो रहे हैं। हालांकि जोन 8 कमिश्नरी ने ढांचा नीलामी के लिए टेंडर किया है, पर विसर्जन कुंड की सफाई का काम शुरू नहीं हो पाया है। नगर निगम जोन 8 के माधवराव सप्रे वार्ड स्थित महादेवघाट के समीप बनाए गए विसर्जन कुंड में दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के दौरान विसर्जित की गई प्रतिमाओं के अवशेष सहित पूजन सामग्री और ढांचों का ढेर अब तक हटाया नहीं गया है। कुंड के आसपास भारी मात्रा में गंदगी फैली हुई है। कुंड के पानी का रंग काला पड़ गया है ,रस्सी, थर्माकोल सहित अन्य तरह की सामग्री अभी भी कुंड के अंदर जमा है। इस ओर न तो निगम मुख्यालय का सफाई विभाग ध्यान दे रहा है, न ही जोन 8 की टीम ने विसर्जन स्थल की सफाई पर ध्यान दिया। सूत्रों के मुताबिक विसर्जन कुंड के आसपास खुले में रखे ढांचों की लकड़ियां चोरी होने लगी हैं। स्थल पर असामाजिक तत्वों का भी डेरा देखा गया है।



#### ढांचा नीलामी के लिए टेंडर

विसर्जन कुंड स्थल के आसपास जमा ढांचा के ढेर की नीलामी करने टेंडर कर दिया है। नीलामी के बाद स्थल की सफाई कराई जाएगी। आयुक्त के निर्देश पर महादेवघाट सहित शहर के अन्य छठ पूजा स्थलों की सफाई कराने 27 अक्टूबर से अभियान चलाया जाएगा।

- **एके हलदार,** कमिश्नर, जोन क्रमांक 8, नगर निगम रायपुर

## बिजनेस साइट

### मिरैकल्स क्लीनिक में स्वर्णप्राशन संस्कार आज

**रायपुर।** शंकर नगर चौपाटी स्थित मिरैकल्स क्लीनिक में आज विशेष पुष्य नक्षत्र में सुबह 10 बजे से बच्चों के रोगप्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाने के लिए स्वर्णप्राशन संस्कार किया जाएगा। क्लीनिक की संचालक डॉ पिंकी चौरसिया ने बताया कि मिरैकल्स क्लीनिक की संचालक डॉ पिंकी चौरसिया ने बताया कि यह स्वर्णप्राशन संस्कार बच्चों में बल, ऊर्जा, रोग-प्रतिरोधक क्षमता, बुद्धि, शारीरिक एवं मानसिक विकास बढ़ाने वाला होता है। यह विशेष प्रकार का आयुर्वेदिक टीकाकरण है जो विशेष रूप से शोधित स्वर्ण एवं जड़ी-बूटियों के अर्क से बनाया जाता है जो विशेष शुभदायक होता है। स्वर्णप्राशन पान करने वाले बच्चों में समस्त प्रकार के रोगों से लड़ने की क्षमता उत्पन्न होती है एवं बच्चे बार-बार होने वाली बीमारियों से बचते है। उन्होंने आगे बताया कि बच्चों के जन्म के पश्चात से 16 वर्ष तक के बच्चों का स्वर्णप्राशन किया जा सकता है। यह स्वर्णप्राशन बच्चों के सर्वांगीण विकास, शारीरिक, मानसिक एवं बौद्धिक विकास हेतु श्रेष्ठ है।



### एसआरयू में तीन दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय योग सम्मेलन हुआ



**रायपुर।** श्री रावतपुरा सरकार यूनिवर्सिटी योग विभाग एवं छत्तीसगढ़ योग आयोग द्वारा आयोजित 'वैश्विक शांति और प्रसन्नता के लिए योग' विषय पर तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय योग सम्मेलन का सफल समापन हुआ।

इस सम्मेलन में 300 से अधिक प्रतिभागियों ने देश-विदेश से अपने पेपर और मेनुस्क्रिप्ट प्रस्तुत किए। सम्मेलन में चार तकनीकी सत्रों का आयोजन किया गया, जिसमें पांच प्रमुख वक्ताओं ने अपने विचार साझा किए। जापान, इंडोनेशिया समेत अन्य देशों के योग विशेषज्ञों ने ऑनलाइन माध्यम से इस भव्य आयोजन को संबोधित किया।

### 85 वर्षों से भरोसेमंद अनोपचंद भंसाली ज्वेलर्स : सुरेश भंसाली



**रायपुर।** सदर बाजार सिटी कोतवाली स्थित अनोपचंद भंसाली ज्वेलर्स के संचालक और रायपुर सराफा एसोसिएशन के अध्यक्ष सुरेश भंसाली ने बताया कि पिछले 85 वर्षों से ग्राहकों का विश्वास उन पर बना हुआ है। वर्तमान में सोने का भाव 80,000 रुपये प्रति 10 ग्राम है और इसकी बढ़त की संभावना 1,00,000 रुपये तक पहुंचने की है। चांदी का भाव भी 96,500 रुपये प्रति किलो पर है, जो 1,25,000 रुपये तक पहुंच सकता है। सुरेश भंसाली ने बताया कि आगामी त्यौहारों जैसे करवा चौथ, पुष्य नक्षत्र, धनतेरस और दीपावली के चलते सराफ बाजार में रौनक देखने को मिल रही है। उन्होंने कहा कि इस बार व्यापार पिछले साल से बेहतर रहने की उम्मीद है। रायपुर सराफ एसोसिएशन के अध्यक्ष के तौर पर उन्होंने प्रशासन से यह अपील की कि त्यौहारी सीजन के मद्देनजर ग्राहकों को रियायतें दी जाएं ताकि वे बेझिझक खरीदारी कर सकें। भंसाली ने केंद्रीय बजट में मिली छूट का भी जिक्र किया, जिसके कारण सराफ बाजार में काफी खरीदारी हुई थी। उन्होंने ग्राहकों को सलाह दी कि सोना और चांदी हमेशा एक अच्छा निवेश हैं, और उन्हें अपने बजट के अनुसार खरीदारी करते रहना चाहिए।

# जालसाजों के निशाने पर अब न्यायालय, हाईकोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल को जारी करनी पड़ी अपील

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नौकरी लगाने के नाम पर ठगी करने वाले जालसाजों के कृत्य से हाईकोर्ट भी चिंतित है। जालसाजों के कृत्य को देखते हुए हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा के निर्देश पर रजिस्ट्रार जनरल बीपी वर्मा ने एक अपील जारी की है और लोगों को सावधान रहने सचेत किया है। रजिस्ट्रार जनरल ने नौकरी के नाम पर पैसा देने वालों के खिलाफ भी कार्रवाई करने की चेतावनी दी है।

रजिस्ट्रार जनरल ने जारी प्रपत्र में उल्लेख किया है कि छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय, बिलासपुर द्वारा 6 अक्टूबर 2023 को आम सूचना जारी करते हुए आमजनों को सूचित किया गया था कि न्यायालयों में नियुक्ति के संबंध में किसी भी तरह के आश्वासन तथा प्रलोभन में आने से बचें, अन्यथा वे आपराधिक अभियोजन के लिए उत्तरदायी ठहराये जायेंगे। रजिस्ट्रार जनरल द्वारा जारी प्रपत्र के अनुसार सूचना जारी होने के बाद भी जालसाज लोगों को ठगी का शिकार बनाने की कोशिश कर रहे हैं। इसीलिए रजिस्ट्रार जनरल ने जालसाजों को राज्य के सभी जिला न्यायालय तथा न्यायिक व्यवस्था से संबंधित अन्य संस्थानों में उम्मीदवारों को नियुक्ति दिलाने का प्रलोभन देने तथा इस तरह के कोई भी कृत्य करने से बचने की सलाह दी है।

***पैसा देने वाले पर भी शिकंजा***
*रजिस्ट्रार जनरल ने नौकरी के लिए रिश्वत देने वाले व्यक्ति के खिलाफ भी कार्रवाई करने की चेतावनी दी है। नौकरी पाने के प्रलोभन में पैसा देने तैयार होने वाले व्यक्ति को रजिस्ट्रार जनरल ने दोषी मानते हुए उसे भी आपराधिक अभियोजन के उत्तरदायी ठहराए जाने की बात कही है।*



■ नौकरी के नाम पर पैसा देने वालों के खिलाफ कार्रवाई की चेतावनी

#### फर्जीवाड़ा की लगातार मिल रही शिकायतें

नौकरी लगाने के एवज में रुपए ऐंठने वालों की लगातार शिकायत मिल रही है। नौकरी के लालच व झांसे में आकर अपने जीवनभर की गाढ़ी कमाई लोग लुटा देते हैं। ठगी का शिकार व्यक्ति फर्जीवाड़े का शिकार होने की भनक लगते ही पुलिस में शिकायत दर्ज कराते हैं, तब तक काफी देर हो चुकी होती है और फर्जीवाड़ा करने वाला अपने मकसद में कामयाब हो जाता है।

### धम्म चक्र प्रवर्तन दिवस पर कव्वाली 27 को

**रायपुर।** धम्म चक्र प्रवर्तन दिवस के अवसर पर बौद्ध संघ गुढ़ियारी अशोक नगर द्वारा 27 अक्टूबर को सुबह 9 बजे महा परीत्राण पाठ का आयोजन किया है और उसके बाद दोपहर 12 बजे महाभोजन दान भी रखा गया है।

कार्यक्रम में अंत में शाम 5 बजे बुद्ध और भीम गीतों के आधारित पर शानदार कव्वाली का आयोजन किया जा रहा है। इसमें नागपुर के कव्वाल आकाश राजा गोस्वामी अपनी प्रस्तुति देंगे। इस कार्यक्रम में राजेश बागड़े, हितेंद्र गढ़पाल, संजय वैध, संदेश गणवीर, सचिन गजभिये, एवन मेश्राम आदि शामिल होंगे।

### राज्यपाल डेका ने महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग के किए दर्शन

**रायपुर।** राज्यपाल रमेन डेका ने उज्जैन स्थित महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग मंदिर पहुंचकर भगवान शिव के दर्शन कर विधिवत पूजा अर्चना की। उन्होंने छत्तीसगढ़ के समस्त प्रदेश वासियों की सुख समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। इस अवसर पर प्रथम महिला श्रीमती रानी डेका काकोटी उपस्थित थीं।



पाठक सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को
अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या
अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न
नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें
9827555678, 8224868411

# आईएएस शम्मी आबिदी पर क्षेत्राधिकार से बाहर जाकर काम करने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

■ भाजपा आरटीआई प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक ने की शिकायत

■ प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री, डीओपीटी और मुख्यसचिव को लिखा पत्र

■ उपसंचालक महिला बाल विकास के स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति का मामला

भाजपा आरटीआई प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक डॉ विजय शंकर मिश्रा ने आईएएस शम्मी आबिदी पर गंभीर आरोप लगाते हुए प्रधानमंत्री, सचिव कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग भारत सरकार, मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और मुख्य सचिव अमिताभ जैन से शिकायत कर कार्यवाही की मांग की है। इस संबंध में डॉ मिश्रा ने एक पत्र भी लिखा है। पत्र में उन्होंने उल्लेख किया है कि शम्मी आबिदी छत्तीसगढ़ राज्य में वर्ष 2007 की भारतीय प्रशासनिक सेवा की अधिकारी हैं एवं वर्तमान में छत्तीसगढ़ शासन में महिला एवं बाल विकास विभाग में सचिव के पद पर कार्यरत हैं। इन्हें 17 वर्षों की भारतीय प्रशासनिक सेवा के अनुभव के बाद भी नियम कानूनों का कोई ज्ञान नहीं है एवं वे मनमाने ढंग से अनाधिकृत ढंग से अपने क्षेत्राधिकार से बाहर जाकर कार्य संपन्न करती हैं।

डॉ मिश्रा ने इस संबंध में सप्रमाण दस्तावेज की कॉपी संलग्न करते हुए बताया कि महिला एवं बाल विकास विभाग में कार्यरत एक उप संचालक रामजतन कुशवाहा द्वारा 3 जनवरी को विधिवत छत्तीसगढ़ सिविल सेवा पेंशन नियम 1976 के नियम 42 के तहत निर्धारित प्रारूप कमांक 28 में भरकर एक आवेदन पत्र प्रस्तुत करके लगभग 7 माह उपरांत की आशायित तिथि 31 जुलाई से स्वैच्छिक सेवा निवृत्ति के लिए आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया था।

छत्तीसगढ़ सिविल सेवा पेंशन नियम 1976 के नियम 42 के अनुसार 31 जुलाई से रामजतन कुशवाहा स्वतः सेवा निवृत्त माने जाने चाहिए थे । किंतु रामजतन कुशवाहा द्वारा 31 जुलाई तक स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति हेतु प्रस्तुत किया गया आवेदन 3 जनवरी वापस भी नहीं लिया गया।

### विवेक बने प्रदेशाध्यक्ष



**रायपुर।** भारतीय व्यापार संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष कुंवर प्रवीण प्रताप सिंह ने विवेक सराफ को भारतीय व्यापार संघ के छत्तीसगढ़ प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया है।

कालड़ा बर्न एवं
प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी सेंटर
राइनोप्लास्टी



नाक को सही (रिशेपिंग) करना
आर.के.सी.के सामने, चौबे कालोनी एवं पचपेड़ी नाका, धमतरी रोड कलर्स मॉल के पास, रायपुर
कॉल : 9827143060/8871003060
Ajay Advt.

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 19,500/-



चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
By Train-रिजर्वेशन कोच
27 अप्रैल से 10 मई 2025, 02 मई से 15 मई 2025
8 मई से 21 मई 2025, 13 मई से 26 मई 2025
चार धाम यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें - 7354411411
राशि:-स्लीपर-19,500/-, 3 एसी- 27,500/-, 2 एसी- 32,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411